इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरुण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208

वर्ष- 44 | अंक - 309 | राजनांदगांव, रविवार 28 सितम्बर 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

छठ : कात्यायनी



## यूएई से भारत लाया गया बब्बर खालसा का आतंकी परमिंदर सिंह

नई दिल्ली। पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों को बब्बर खालसा इंटरनेशनल के आतंकी परमिंदर सिंह पिंडी को प्रत्यर्पित करवाने में बड़ी कामयाबी मिली है। उसे यूएई से भारत लाया गया है। पंजाब के पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि पिंडी, विदेश में बैठे आतंकियों हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और हैप्पी पासिया का करीबी सहयोगी है। वह बटाला-गुरदासपुर क्षेत्र में पेट्रोल बम हमलों, हिंसक वारदातों और जबरन वसूली जैसे कई जघन्य अपराधों में शामिल रहा है।

डीजीपी यादव ने कहा कि बटाला पुलिस की मांग पर रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था। इसके बाद एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में चार सदस्यीय टीम 24 सितम्बर 2024 को यूएई रवाना हुई। विदेश मंत्रालय और यूएई अधिकारियों के सहयोग से कानूनी औपचारिकताएं पूरी कर आरोपी को भारत लाया गया। यह सफल प्रत्यर्पण आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ पंजाब पुलिस की शून्य-सहिष्णुता नीति और उसकी वैश्विक पहुँच का उदाहरण है।

## अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का किया पर्दाफाश, 804 करोड़ की ठगी हुई उजागर

अहमदाबाद। गुजरात पुलिस ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध गिरोह का पर्दाफाश किया है, जिसने भारत के नागरिकों को 804 करोड़ रुपये का चूना लगाया। राज्य के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिरोह के 10 आरोपियों को सूरत से गिरफ्तार किया गया। गिरोह ने दुबई, वियतनाम और कंबोडिया से ऑपरेशन किया और पूरे भारत में नागरिकों को निशाना बनाया। गिरोह आम नागरिकों के बैंक खाते और सिम कार्ड 1.5-2 प्रतिशत कमीशन के लालच में हासिल करता था और उनका दुरुपयोग कर साइबर ठगी करता था। गिरोह ने पूरे देश में 1,549 अपराध किए और 804 करोड़ रुपये की ठगी की। गुजरात में 141 डिजिटल अपराधों के जरिए गिरोह ने 17.75 करोड़ कमाए। सूरत से गिरफ्तार आरोपियों के पास से 65 मोबाइल फोन, 447 डेबिट कार्ड, 529 बैंक खाता किट, 686 सिम कार्ड और 16 पॉइंट ऑफ़ सेल मशीनें जब्त की गईं।

# पीएम नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा को दी 60,000 करोड़ की योजनाओं की सौगात, कहा- भाजपा गरीबों की सरकार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ओडिशा के दौरे पर है। राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद यह पीएम मोदी का 7वां ओडिशा दौरा है। 12 जून 2024 को यहां सरकार ने शपथ ली थी जिसके बाद से पीएम हर दो तीन महीने बाद ओडिशा का दौरा कर ही लेते है। आज फिर मोदी ओडिशा के झारसुगुड़ा के गए है, यहां पहुंचने पर राज्यपाल डॉ. हरिबाबू कंभमपति और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पीएम का स्वागत किया। पीएम मोदी ने झारसुगुड़ा में दूरसंचार, रेलवे, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, कौशल विकास और ग्रामीण आवास सहित विभिन्न क्षेत्रों में 60,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया।




*पीएम मोदी ने दी स्वदेशी 4 जी तकनीक की सौगात, 26.7 हजार गांवों को मिलेगी हाईस्पीड इंटरनेट सेवा*

### 97,500 4 प्रतिशत टावरों का लोकार्पण

इसके साथ ही राष्ट्रीय संचार अवसंरचना को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए, पीएम ने स्वदेशी तकनीक से 97,500 से अधिक मोबाइल 4 प्रतिशत टावरों का लोकार्पण भी किया, जो कि लगभग 37,000 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किए गए है। राज्य में पर्यटन और रोजगार को बढ़ावे देते हुए पीएम ने मंच से ब्रह्मपुर और उधना (सूरत) के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा कि, उनका ध्यान हमेशा ओडिशा के विकास पर रहा है। पीएम के मार्गदर्शन और निर्देशन में ओडिशा प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

### भारत को आत्मनिर्भर बनाने भाजपा का लक्ष्य

पीएम मोदी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ओडिशा डबल इंजन की रफ्तार से आगे बढ़ चला है। आज एक बार फिर, ओडिशा के विकास, देश के विकास के लिए हज़ारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम शुरू हुआ है। आज से, BSNL का एक नया अवतार भी सामने आया है। BSNL की स्वदेशी 4 प्रतिशत सेवाओं का शुभारंभ हो गया है। पीएम ने आगे कहा, भाजपा सरकार गरीबों की सेवा और उन्हें सशक्त बनाने वाली सरकार है। हम गरीबों, दलितों, पिछड़े वर्गों और आदिवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ज़ोर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# एक्टर विजय की रैली में भगदड़, 30 से अधिक लोगों की मौत, पीएम मोदी ने जताया दुख

नई दिल्ली। तमिलनाडु के करूर जिले में शनिवार को एक्टर विजय की रैली के दौरान बड़ा हादसा हो गया। तमिलगा वेट्री कषगम के नेता और सुपरस्टार विजय द्वारा आयोजित इस रैली में अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें अब तक 33 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि 58 लोग अस्पताल में भर्ती हैं। इनमें 46 प्राइवेट हॉस्पिटल और बाकी सरकारी अस्पताल में भर्ती हैं।



सुपरस्टार विजय की रैली में हजारों की भीड़ उमड़ी थी। जैसे ही विजय का कैंपेन व्हीकल धीरे-धीरे आगे बढ़ा, लोग उन्हें देखने और नजदीक जाने की कोशिश करने लगे। इसी दौरान भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई। कई लोग, जिनमें बच्चे भी शामिल थे, वहीं गिर पड़े और बेहोश हो गए। हादसे पर चिंता जताते हुए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने तुरंत राहत कार्यों के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा, करूर से आ रही खबर बेहद चिंताजनक है। दो मंत्री और स्थानीय विधायक मौके पर मौजूद हैं और घायलों की मदद कर रहे हैं। मैंने जिला कलेक्टर को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### पीएम मोदी ने जताया दुख

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के करूर हुए हादसे में पीड़ित परिवारों के प्रति शोक जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, तमिलनाडु के करूर में एक राजनीतिक रैली के दौरान हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ है। मैं इस कठिन समय में उन्हें शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### 20 से ज्यादा लोग बेहोश

शुरुआत में 20 से ज्यादा लोग के बेहोश होने की सूचना मिली थी लेकिन यह हादसा काफी बड़ा हो गया। पीड़ितों में बच्चे भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तमिलगा वेत्रि कझगम प्रमुख और

## पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ से होकर जाने वाली पहली अमृत भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

रायपुर। पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ से होकर जाने वाली पहली अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। ब्रह्मपुर (ओडिशा) से इस ट्रेन को पीएम मोदी और उधना (गुजरात) से इस ट्रेन को रेल मंत्री ने हरी झंडी दिखाई। पांच अक्टूबर से यह ट्रेन नियमित रूप से चलेगी। फिलहाल, ट्रेन की बुकिंग शुरू हो चुकी है। यह ट्रेन ओडिशा से गुजरात तक सीधी लंबी दूरी की कनेक्टिविटी से तो जुड़ेगी ही साथ ही पूर्वी, मध्य और पश्चिम भारत के कई जिलों और शहरों को जोड़ेगी। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, इस गाड़ी शुरू होने से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यात्रियों को नई सुविधा मिलेगी। रायपुर, दुर्ग क्षेत्र के यात्रियों को गुजरात के उधना और ओडिशा के ब्रम्हपुर तक सीधी यात्रा की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही यह गाड़ी छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और गुजरात के बीच यातायात और सामाजिक-सांस्कृतिक जुड़ाव को और मजबूत करेगी। विशेष रूप से ओडिशा और गुजरात के बीच यह नई रेल सेवा यात्रियों की लंबी दूरी की यात्रा को आरामदायक और सुविधाजनक बनाएगी। यह ट्रेन किफायती किराए में आधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसमें यात्रियों को सुखद यात्रा का अनुभव मिलेगा। उधना से शुरू होने वाली अमृत भारत ट्रेन का नंदुरबार, जलगांव, भुसावल, बडनेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, टिटलागढ़, (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## भारत के लिए नए रास्ते की तलाश? 4 देशों की यात्रा पर निकले राहुल गांधी

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दक्षिण अमेरिका के चार देशों की एक महत्वपूर्ण राजनयिक यात्रा शुरू की है। इस दौरे के दौरान वे कई देशों के राष्ट्रपतियों, वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के साथ अहम बैठकें करेंगे। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिण अमेरिका की यात्रा शुरू की है। वे चार देशों में राजनीतिक नेताओं, विश्वविद्यालय के छात्रों और व्यापारिक समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत करने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी ने इस यात्रा को 'ऐतिहासिक महत्व' का बताते हुए कहा कि यह भारत और दक्षिण अमेरिका के बीच गुट-निरपेक्ष आंदोलन और वैश्विक दक्षिण में एकजुटता जैसे पुराने संबंधों को और मजबूत करेगी। पार्टी के अनुसार, (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## सिंगर जुबीन गर्ग मौतः आयोजक-मैनेजर पर शिकंजा, लुकआउट नोटिस जारी, खाते फ्रीज

नई दिल्ली। सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में नॉर्थ-ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महंता और जुबीन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी हो गए हैं. असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि इन्हें देश से भागने से रोकने के लिए इंटरपोल के जरिए ये नोटिस जारी कराए गए हैं. इनके बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड फ्रीज कर दिए गए हैं. सीएम ने हो रही राजनीति पर कहा कि हम असम को नेपाल नहीं बनने दे सकते.





मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि श्यामकानु महंता और सिद्धार्थ शर्मा को गुवाहाटी आकर अपना बयान देना होगा. अगर वो ऐसा नहीं करते हैं तो पुलिस उनकी तलाशी का अभियान तेज़ करेगी. उन्होंने कहा कि हम नहीं चाहते कि दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान वो आएं, लेकिन दशमी के बाद उन्हें आना होगा. उन्हें 6 अक्टूबर को गुवाहाटी आकर बयान दर्ज कराना होगा.

### सिंगापुर के 8 लोगों को भी समन

असम सीआईडी ने श्यामकानु महंत, जुबीन के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा के अलावा सिंगापुर स्थित देवज्योति हजारिका, तन्मय फुकन, भास्कर दत्ता, वाजिद अहमद, सिद्धार्थ बोरा, अभिमन्यु तालुकदार, रूपकमल सैकिया, परिवेश शर्मा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डीजीपी बोले- सोनम वांगचुक पर पाकिस्तानी कनेक्शन और विदेशी फंडिंग का शक, जांच जारी



लेह। लद्दाख के पुलिस महानिदेशक एस. डी. सिंह जामवाल ने शनिवार को बताया कि सोनम वांगचुक के खिलाफ पाकिस्तान से कथित संबंधों को लेकर जांच जारी है। यह जांच पिछले महीने एक पाकिस्तानी खुफिया एजेंट की गिरफ्तारी के बाद शुरू हुई है, जो वांगचुक के विरोध प्रदर्शनों के वीडियो सीमा पार भेज रहा था।

डीजीपी जामवाल ने सोनम वांगचुक को बुधवार को हुई हिंसा का मुख्य सूत्रधार बताया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए। शुक्रवार को वांगचुक को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत हिरासत में लेकर राजस्थान के जोधपुर जेल भेज दिया गया।

### उनकी गतिविधियां संदिग्ध हैं

डीजीपी ने कहा अब तक जांच में जो सामने आया है, उसे फिलहाल सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। लेकिन वांगचुक के भाषणों और गतिविधियों से यह साफ है कि उनकी मंशा लोगों को भड़काने की थी। उन्होंने 'अरब स्प्रिंग' और नेपाल, बांग्लादेश व श्रीलंका में हुए आंदोलनों का जिक्र कर लोगों को उकसाया। उन्होंने बताया कि विदेशी फंडिंग और एफसीआरए उल्लंघन की भी जांच की जा रही है। एक पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव को पकड़ा गया है, जो वांगचुक के नेतृत्व वाले प्रदर्शनों के वीडियो (शेष पृष्ठ 6 पर...)

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का रजत जयंती समारोह

## सीएम साय ने कहा- संविधान का व्याख्याकार और न्याय का सजग प्रहरी बनकर खड़ा उच्च न्यायालय

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की स्थापना का रजत जयंती समारोह' का आयोजन महामहिम राज्यपाल रमेन डेका के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने मुख्य अतिथि राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को पौधा एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत एवं अभिनंदन किया।



उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधि मंत्री गजेन्द्र यादव, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस भी इस अवसर पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में रजत जयंती समारोह पर केंद्रित स्मारिका का विमोचन भी किया।

### राज्यपाल रमेन डेका ने कही ये बात

मुख्य अतिथि राज्यपाल डेका ने कहा कि इस गौरवशाली अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की रजत जयंती समारोह में आप सभी को संबोधित करना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और गर्व का विषय है। 1 नवम्बर 2000 को जब छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुई, तब शासन के साथ-साथ न्याय के क्षेत्र में भी एक नई शुरुआत हुई। इस राज्य के जन्म के साथ ही इस महान संस्था छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर की स्थापना हुई। तभी से यह न्यायालय संविधान का व्याख्याकार, नागरिक अधिकारों का संरक्षक और न्याय का प्रहरी बनकर खड़ा है। राज्यपाल रमेन डेका ने लोक अदालत के अंतर्गत लंबित मामलों के हो रहे त्वरित निराकरण के लिए न्यायपालिका की सराहना की। उन्होंने न्यायपालिका में नैतिकता, सुदृढ़ीकरण और न्यायपालिका के लंबित मामलों को कम कर आम जनों को त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि न्याय केवल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## चीन-पाक सीमा पर तैनात होगा अनंत शस्त्र, एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए 30 हजार करोड़ का टेंडर

नई दिल्ली। भारतीय सेना ने हवाई रक्षा को मजबूत करने के लिए बड़ा कदम उठाया है. पाकिस्तान और चीन सीमाओं पर हवाई खतरों से निपटने के लिए 5 से 6 रेजिमेंट अनंत शस्त्र सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम खरीदने का टेंडर जारी किया गया है. यह सिस्टम डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन ने विकसित किया है.



पहले इसे क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल कहा जाता था. इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत करीब 30,000 करोड़ रुपये है. सेना के अधिकारियों ने इंडिया टुडे को बताया कि यह सिस्टम ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन हमलों को रोकने में अहम भूमिका निभा चुका है. मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल ने इस स्वदेशी सिस्टम को खरीदने की मंजूरी दी. चार दिनों के इस संघर्ष में पाकिस्तान ने चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया. भारतीय सेना की एयर डिफेंस यूनिट्स ने L-70 और Zu-23 गन से ज्यादातर ड्रोन नष्ट किए. आकाश और MR-SAM सिस्टम ने भी कमाल किया. भारतीय वायुसेना के स्पाइडर और सुदर्शन S-400 सिस्टम ने एकजुट होकर हवाई खतरे रोके. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सुकमा में सुरक्षाबलों ने ध्वस्त की माओवादियों ऑर्डिनेंट्स फैक्ट्री, हथियार बनाने की मशीनें बरामद

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के नक्सली प्रभावित जिले सुकमा में सुरक्षा बलों को हाथ एक बड़ी कामयाबी लगी है। यहां पर सुरक्षा बलों ने माओवादियों के खिलाफ अपने ऑपरेशन के तहत माओवादियों की एक अवैध ऑर्डिनेंट्स फैक्ट्री (विस्फोटक सामग्री निर्माण इकाई) को ध्वस्त कर दिया है।



सुरक्षा बलों को इस फैक्ट्री से भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री और मशीनें बरामद हुई हैं। बता दें कि ये नक्सलियों के खिलाफ ये कार्रवाई सुरक्षा बलों के ऑपरेशन प्रहार का हिस्सा थी। जिसमें सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। बताया जा रहा है कि एसपी किरण चव्हाण के नेतृत्व में सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है, जिसमें बड़ी सफलता मिली है। कहा जा रहा है कि नक्सली इस फैक्ट्री का उपयोग अपनी ताकतों को बढ़ाने के लिए कर रहे थे। जिसमें वह बड़े आकार के बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) लॉन्चर का भी निर्माण कर रहे थे।

### बड़ी साजिश रचने की तैयारी में थे माओवादी

सुरक्षा बलों ने जो फैक्ट्री ध्वस्त की है, उसमें से बरामद हुई सामग्री बताती है कि मावोवादी किसी बड़ी साजिश को अंजाम देने में लगे थे। कहा जा रहा है कि इस डंप में हथियार, बीजीएल लॉन्चर और उसे बनाने के लिए उपयोग होने वाली मशीनें व उपकरण शामिल थे। गौरतलब है कि किसी अति संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार सुरक्षा कैंपों कि स्थापना की जा रही है। इससे माओवादियों का प्रभाव क्षेत्र और दायरा लगातार कम होता जा रहा है।

## गोदावरी फैक्ट्री हादसे के मृतकों को 45-45 लाख का मुआवजा

रायपुर। गोदावरी पॉवर एंड इस्पात फैक्ट्री में शुक्रवार को हुए हादसे में प्रबंधन ने मृतकों को 45-45 लाख रुपए का मुआवजा देने का ऐलान किया है। मुआवजे की रकम में 5-5 लाख रुपए मृतकों के बच्चों की शादी और पढ़ाई के लिए दिया गया है। इसके अलावा 10 हजार रुपए प्रति माह पेंशन के अलावा परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का भी ऐलान फैक्ट्री प्रबंधन ने किया है। प्रबंधन की तरफसे घायलों को किसी भी तरह के मुआवजे का ऐलान नहीं किया गया है। शुक्रवार यानी कि 26 सितंबर को हुए इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं, 6 लोग घायल हैं। मृतकों में दो मैनेजर, दो असिस्टेंट मैनेजर और दो हेल्पर शामिल हैं। वहीं, घायलों में एक जनरल मैनेजर, एक फोरमैन, एक कुली, एक रिगर और दो तकनीशियन शामिल हैं।

*10 हजार पेंशन और नौकरी भी, घायलों को कुछ नहीं*

इस हादसे में आहत 12 लोगों में 6 फैक्ट्री के कर्मचारी थे। वहीं, 6 ठेके पर आए कर्मी शामिल थे। इस हादसे में मैनेजर जीएल प्रसन्ना कुमार, के प्रसन्ना कुमार, असिस्टेंट मैनेजर घनश्याम घोरमोरे, निराकार मलिक, हेल्पर तुलसी राम भट्ट और नारायण साहू की मौत हो गई है। दोनों हेल्पर महामाया ट्रेडर्स से जुड़े थे।

## इंटरनेशनल लाल चंदन तस्करी..., 8.6 करोड़ की संपत्ति अटैच सिंडिकेट के सरगना अब्दुल जाफर पर ईडी का एक्शन

रायपुर। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लाल चंदन (रेड सैंडर्स) की तस्करी करने वाले इंटरनेशनल सिंडिकेट के सरगना अब्दुल जाफर की 8.6 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त कर ली है। ईडी की जांच में पता चला कि अब्दुल जाफर ने साल 2016 में रायपुर के एक गोदाम में करीब 11 मीट्रिक टन वजन के 576 लाल चंदन के लट्ठे छिपाकर रखे थे।



*रायपुर में छुपाई थी 11 मीट्रिक टन लकड़िया*

डीआरआई नागपुर की टीम ने जांच के दौरान रायपुर के एक गोदाम से लाल चंदन की लकड़ियां जब्त की थी। इसके बाद ईडी ने नागपुर की पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में आरोपी अब्दुल जाफर के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब्दुल जाफर फिलहाल न्यायिक हिरासत में है और जेल में बंद है।

नागपुर में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली थी कि अब्दुल जाफर दुबई में लाल चंदन (रेड सैंडर्स) की तस्करी कर रहा है। इस जानकारी के आधार पर डीआरआई ने कस्टम्स एक्ट नागपुर में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली थी कि अब्दुल जाफर दुबई में लाल चंदन (रेड सैंडर्स) की तस्करी कर रहा है। इस जानकारी के आधार पर डीआरआई ने कस्टम्स एक्ट, 1962 के तहत जांच शुरू की। जांच के दौरान, 2 अक्टूबर 2016 को नागपुर में एक कंटेनर को रोका गया, जिसमें स्पंज आयरन के नीचे छिपाकर रखे गए 1,324 लाल चंदन के लट्ठे जब्त किए गए। इन लट्ठों का कुल वजन 14.055 मीट्रिक टन था। पूछताछ और तलाशी के दौरान, 4 अक्टूबर 2016 को रायपुर के एक गोदाम से 576 लाल चंदन के लट्ठे (11 मीट्रिक टन) जब्त किए (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रातभर झमाझम बारिश से नदी-नाले बौराए, शिवनाथ में बाढ़ की स्थिति

## बारिश-पानी के चलते नवरात्रि-दुर्गोत्सव पर्व का मजा हुआ किरकिरा

राजनांदगांव (दावा)। इस बार शारदेय नवरात्रि में रोजाना बने बारिश की सिस्टम ने नवरात्रि-दुर्गोत्सव पर्व के आयोजन में पानी फेर दिया है। मानसून की विदाई बेला ने लोगों के उत्सवी आयोजन को मटियामेट कर के रख दी है। इसके चलते शहर में दुर्गोत्सव पर्व पर कोई बड़ा आयोजन नहीं हो पा रहा है। ले-दें कर गरबा उत्सव के आयोजन हो पा रहें। लेकिन इसकी चमक फीकी नजर आ रही है। नवरात्रि पर्व पर बारिश-पानी की बनी स्थिति से मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों पर भी असर पड़ा है। नवरात्रि में मां बम्लेश्वरी के दरबार में मत्था टेकने जाने वाले भक्तों में कमी आई है।

बताते चलें कि हर एक दिन की आड़ में जमकर बारिश हो रही है। शाम होते ही मौसम का मिजाज बदल जा रहा है। शुक्रवार शाम को साढ़े 5 बजे के बाद तेज गर्जना के साथ जमकर बादल बरसे। उसके बाद शुक्रवार व शनिवार की दरमियानी रात जो लगातार बारिश हुई जिससे नदी-नाले बौरा गए। निचली बस्तियों में पानी घुस गया। नाले-नालियां अपनी सीमा तोड़ कूड़ा-करकट के साथ सड़क पर आकर बहने लगे हैं। इससे सड़कों पर कचरा नजर आ रहा है। इधर शहर की जीवनदायिनी नदी शिवनाथ में बाढ़ की स्थिति बन आई है। छोटा पुल पूरी



तरह डूब गया है। पुल के समीप बेरिकेडिंग लगा दी गई है ताकि पुल को कोई पार न कर सके। शिवनाथ नदी के एनीकेट के समीप बनी पुरी सिद्धियां डूब चुकी है। नदी का आट- पाट पूरा जा रहा है। शिवनाथ नदी में आई पूर को देखने शहर से बड़ी संख्या में लोग जा रहें।

मौसम में आए तब्दील के चलते आए दिन हो रही बारिश से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। शहर की जर्जर सड़कों के गड्ढों में भी पानी भर गया है जिससे पेदल चलने वालों सहित वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। शहर से होकर मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए गुजरने वाले यात्रियों को जगह-जगह उभर आए गड्ढों में पानी भरे होने से कूद-फांद कर के जाना पड़ रहा है।

### पूरे शहर मे घंटों रही ब्लैक आउट की स्थिति

शुक्रवार की शाम बारिश शुरू होते ही बिजली भी चली गई । घंटे भर तक पूरे शहर में ब्लैक आउट की स्थिति रही। थोड़ी देर बाद बिजली आई तो कुछ देर तक ठीक रहा उसके बाद फिर गई तो पूरा शहर फिर से अंधेरे में डूबा गया। लोग बिजली गुल होने की सूचना विद्युत विभाग को देते रहे लेकिन वहां से एक ही जवाब आते रहा कि फाल्ट ढूंढा जा रहा है। इस तरह की स्थिति केवल बारिश होने के दौरान ही नहीं हर घंटे-दो घंटे में बनी रहती है। दिन में दसियों बार बिजली गुल कर दी जाती है। विद्युत विभाग द्वारा आए दिन किए जा रहे बिजली गुल की समस्या से लोग बेजार हो रहे हैं। इसे लेकर कभी भी जनाक्रोश बढ़ सकता है।

# शक्ति-भक्ति के पंचामृत से मां जीण भवानी का अभिषेक, मंगल पाठ से भक्ति हुई गूंजायमान

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी में क्वांर नवरात्र महोत्सव के चौथे दिन भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मां जीण भवानी महिला मंडल द्वारा मां बम्लेश्वरी पदयात्री संयुक्त सेवा पंडाल, बागेश्वर धाम उत्सव हॉल में मां जीण भवानी माता का मंगल पाठ और अभिषेक का भव्य आयोजन किया गया। मां जीण भवानी महिला मंडल की सेविका मंजू खोखरिया, मीना पांडे और लक्ष्मी शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर पंच परमेश्वरी देवी मां बम्लेश्वरी देवी, शैलपुत्री, माता सरस्वती, माता लक्ष्मी और जीण भवानी का मनमोहक दरबार सजाया गया। सप्तरंगी पुष्पों एवं पान के पत्तों से मातारानी का दिव्य, भव्य और अलौकिक श्रृंगार किया गया। जिसके दर्शन कर भक्तगण धन्य हो गए।



**सप्तरंगी पुष्पों और पान के पत्तों से हुआ माता का अलौकिक श्रृंगार, बागेश्वर धाम पंडाल में उमड़ी भक्तों की भीड़**

### पंचामृत से किया अभिषेक

उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने शक्ति, भक्ति, आराधना, उपासना और साधना के पंचामृत से मां जीण भवानी माता का अभिषेक किया। माता बहनों और पदयात्रियों ने मंगल पाठ में भक्ति-भाव से डूबकर गोता लगाया और मीठे-मीठे भजनों से मां को खूब रिझाया। मां जीण भवानी को लाल चुनरी, इत्र, मेहंदी, बिंदिया, फल, मेवा, मिठाई और साबूदाना खिचड़ी का भोग प्रसाद अर्पित किया गया। भक्तों ने माता की महाआरती उतारी और श्रद्धा के पुष्प अर्पित करते हुए विश्व मंगल कामना की। जय माता दी के उद्घोष से पूरा वातावरण गूंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सनातन धर्म के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक भी उपस्थित रहे, जिनका स्वागत बागेश्वर धाम पंडाल के अध्यक्ष भावेश अग्रवाल द्वारा अंग वस्त्र पहनाकर किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संरक्षक सोहनलाल गुप्ता, रामअवतार जोशी, संयोजक पंकज गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, योगेश साहू, आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, अजय गुप्ता, कीर्ति अग्रवाल, प्रतिभा खंडेलवाल, मधु अग्रवाल, ममता शर्मा एवं अन्य सेवक-सेविकाएं सेवा में समर्पित रहे।

## भूपेश बघेल आज जिले के प्रवास पर



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज 28 सितंबर को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे, वह जिले के डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करेंगे, वे सुबह लगभग 11:30 बजे डोंगरगढ़ पहुंचकर पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना करेंगे, जहां बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

# पीएल बैरागी बनाए गए अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय संरक्षक

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ को राष्ट्रव्यापी गति प्रदान करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने राष्ट्रीय स्तर पर कई महत्वपूर्ण पदाधिकारियों की घोषणा की है। इस क्रम में पीएल बैरागी (भोपाल) को संगठन का राष्ट्रीय संरक्षक नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं एडी निर्मोही ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पी.एल. बैरागी के संरक्षक बनने से संगठन को विस्तार की नई गति मिलेगी और यह मठ-मंदिरों के पुजारियों के हित में सशक्त कदम उठाएगा।

राष्ट्रीय संरक्षक मंडल में पी.एल. बैरागी के साथ कई अन्य प्रतिष्ठित महंतों और संतों को भी शामिल किया गया है। जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं- महंत श्रीश्री 1008 श्री महंत हरिशंकर दास (बृंदावन एवं पंडरिया),



**संगठन को मिलेगी विस्तार की गति, मठ-मंदिरों के पुजारियों के हित में होंगे महत्वपूर्ण कदम**

राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास (दुग्धाधारि मठ), महंत देवनाथ दास शास्त्री (कवर्धा धनगांव मंदिर), महंत श्याम सुंदर दास (कवर्धा पिपरिया मंदिर), महंत गोविंद दास (सहसपुर लोहारा मंदिर) आदि है। अन्य प्रमुख राष्ट्रीय पदाधिकारी जिसमें वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत लक्ष्मी नारायण दास (राम मंदिर लांजि, बालाघाट, मध्य प्रदेश), राष्ट्रीय संगठन महामंत्री महाराज प्रेम नारायण बैरागी (राम मंदिर भंडारा रोड, नागपुर, महाराष्ट्र), राष्ट्रीय महासचिव आचार्य अशोक चतुर्वेदी (हरिवंश भगवताचार्य), राष्ट्रीय सचिव लाल जितेन्द्र किशोर वैष्णव (छोटे-राजा, छुईखदान) आदि है।

उक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति से अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ में खुशी की लहर दौड़ गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिनमें गिरधर शर्मा महाराज, जितेंद्र झा, शेखर दुबे, महेंद्र वैष्णव, संतोष वैष्णव, चंदन शर्मा, गोलू मिश्रा, निखिल वैष्णव, दिलीप दास वैष्णव, राकेश वैष्णव, मनीष दास जी और कई अन्य पुजारी, सेवक तथा सामाजिक बंधु शामिल थे। शेष पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र किए जाने की सूचना दी गई है।

## विलुप्त प्रजाति की दहीमन वृक्ष की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराया



डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ़ परम्परागत वनों औषधि प्रशिक्षित वैध कल्याण संघ, जिला-राजनांदगांव के बैनर तले वैध कन्हैयालाल साहू, प्रांतीय अध्यक्ष, वैध रमेश कुमार साहू, जिला अध्यक्ष, वैध सतीश मानिकपुरी, वैध भूपेंद्र साहू, वैध महेंद्र यादव व वैध श्रीमति कांति साहू द्वारा ग्राम-बारगाही (उपरवाह) जंगल में दिनांक 26 सितंबर को विलुप्त प्रजाति की दहीमन वृक्ष (इसे स्थानीय भाषा में वन देवी की वृक्ष कहा जाता है) जिसके अंदर अमूल्य औषधि गुण समाहित है, जिसकी औषधि गुणों की जानकारी ग्रामवासियों को देते हुए संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रेरित किया। इस दौरान दहीमन वृक्ष की पूजा अर्चना किया गया और जय मां दुर्गा जस महिला पार्टी ग्राम-बरगाही द्वारा जस गायन की प्रस्तुति दिया गया।

## चाकू लहराकर धमकी देने वाले आदतन बदमाश गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। चौकी चिखली पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में लोगों के साथ गाली-गलौज करते हुए चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने वाले आदतन बदमाश को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से एक धारदार चाकू जब्त की हो और गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

चौकी चिखली प्रभारी कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि उक्त आदतन बदमाश सहित उनके चौकी क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले एक आदतन बदमाश पर भी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने बताया कि उन दोनों आरोपियों के विरूद्ध पूर्व में भी नकबजनी, मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज है। चौकी क्षेत्र में हुई उक्त घटना के संबंध में प्रार्थियां द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी शेरा कश्यप द्वारा अश्लील गाली गलौच कर चाकू लहराकर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा है। पुलिस टीम ने आरोपी शेरा कश्यप पिता स्व. पंचू कश्यप उम्र 30 साल निवासी चिखली दीनदयाल कॉलोनी को पकड़कर पूछताछ कर उसके कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 351(2) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### शांति भंग करने वाला आरोपी भी धरा गया

चौकी चिखली में प्राप्त शिकायत आवेदन पत्रों एवं वाद विवाद की सूचना के आधार पर 27 सितम्बर को दीनदयाल नगर अटल आवास चिखली में अनावेदक द्वारा आने जाने वाले लोगों को शराब के नशे मे गाली गलौज, लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने एवं संज्ञेय अपराध घटित होने की पूर्ण संभावना पर बदमाश तुलसी शर्मा उर्फ छोटू पिता गणेश शर्मा उम्र 22 साल निवासी दीनदयाल नगर अटल आवास कॉलोनी को गिरफ्तार किया गया और उसके खिलाफ पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया।

# डीएमएफ मद एवं जेम पोर्टल की खरीदी फर्जीवाड़ा की जांच हो-कांग्रेस

राजनांदगांव (दावा)। छग प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जेम पोर्टल को माध्यम बनाकर सुनियोजित खरीदी में भ्रष्टाचार भाजपा राज में आम हो गया है। स्थानीय व्यापारी उद्यमियों, महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति के विक्रेताओं का गला काटकर भाजपा नेता चांदी काट रहे हैं। जिले में डीएमएफ फंड से जिम सामग्री क्रय करने की कार्य योजना को सप्लाई के पहले ही भाजपाई ग्रहण लग चुका है। जिसके चलते कुल राशि को टुकड़ों में कर बंदरबांट कर लिया गया है। जिम सामग्री के नाम पर घटिया और अनुपयोगी सामग्री सप्लाई जग जाहिर है, जेम पोर्टल की खरीदी में भारी अनियमित जग जाहिर है।



**जेम पोर्टल और निविदा में फर्जीवाड़ा कर टुकड़ों में खरीदी का चल रहा खेल - रूपेश दुबे**

कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि जेम पोर्टल से खरीदी में स्थानीय या कंपनी दर से चार गुना अधिक दर पर व्यक्ति विशेष से खरीदी किया जा रहा है। कुछ दिन पूर्व हॉस्टलों में जो सामग्री क्रय कर सप्लाई की गई है। वह निम्न स्तर की होने के साथ महंगे होने के कारण शासकीय कोष में डाका डालने जैसा कृत्य है। जेम पोर्टल में अब तक जो खरीदी हुई है या सप्लाई हुई है, इसकी उच्च स्तरीय जांच आवश्यक है।

श्री दुबे ने कहा कि जैम पोर्टल की खरीदी पारदर्शी तरीके से होनी चाहिए, लेकिन छग में भाजपा सरकार ने जैम पोर्टल को भ्रष्टाचार का पोर्टल बनाकर अवैध कमाई का जरिया बन गया। राजनांदगांव जिले में कमीशन खोरी के लिए डीएमएफ फंड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। क्योंकि ना कोई कार्य योजना, ना विभाग का ठिकाना, ना ही क्रय सामग्री की संख्या दर आमंत्रित की जा रही है, ना क्रय का माध्यम को सार्वजनिक किया जा रहा है, जो सुनियोजित साजिश का खेल है।

# मनरेगा में जिले के नवाचारों की गूंज : 7 राज्यों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा अवलोकन करने

राजनांदगांव (दावा)। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत जिले में संचालित नवाचार एवं उत्कृष्ट कार्यों का अवलोकन करने आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, राजस्थान एवं महाराष्ट्र सहित कुल 7 राज्यों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल जिले के दौरे पर पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने ग्राम पंचायत अंजोरा, बरगा एवं फरहद का भ्रमण किया। ग्राम पंचायत अंजोरा में प्लांटेशन कार्य, मिनी परकोलेशन टैंक, डबरी निर्माण कार्य एवं मल्टी एक्टिविटी सेंटर में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। ग्राम पंचायत बरगा में मिनी परकोलेशन टैंक में इंजेक्शन वेल, प्लांटेशन कार्य, सैंड फिल्टर, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन एवं सामुदायिक सोख्ता गढ्डा सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम पंचायत फरहद में परकोलेशन टैंक, इंजेक्शन वेल, नलकूप खनन एवं हैंडपंप का निरीक्षण किया गया। दल के सदस्यों ने इन सभी कार्यों को देखकर सराहना की और इस प्रयास को अन्य राज्यों के लिए भी अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि इनसे न केवल ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों का संवर्धन हो रहा है, बल्कि ग्रामीण समुदायों के सतत विकास एवं जीवन स्तर को भी मजबूती मिल रही है। निरीक्षण में एसआईआरडी एवं राज्य कार्यालय के अधिकारी, जिला एवं जनपद पंचायत राजनांदगांव के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



## महाराजी सिन्हा का निधन



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड नंबर 42 के पार्षद प्रतिनिधि मोहन सिन्हा के पिता एवं वर्तमान पार्षद श्रीमती अमृता मोहन सिन्हा के ससुर महाराजी सिन्हा का 26 सितंबर को आकस्मिक निधन हो गया है। स्व. महाराजी सिन्हा एक विनम्र, सामाजिक एवं धर्मपरायण व्यक्ति थे। उनके निधन से वार्ड और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। उनका सरल स्वभाव और समाज के प्रति उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। यह संपूर्ण परिवार एवं वार्ड के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास वार्ड नंबर 42 से 27 सितंबर को सुबह 11 बजे निकाली गई।

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.

557-7   128-1

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# साजिश धोखा को जो छिपाए, वही जीएसटी को उत्सव बताए - शाहिद भाई

राजनांदगांव (दावा)। छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई ने भाजपा द्वारा जीएसटी रिफॉर्म को बचत उत्सव बताने पर तंज करते हुए कहा कि 8 साल तक केवल किसान, गरीब, मध्यम वर्ग परिवारों से 55 लाख करोड़ रुपये वसुले, यहां तक सावन माह में दूध दही पर जीएसटी लगाकर धर्म-कर्म पर भी करोड़ों रूपये वसूले गए। गब्बर सिंह टैक्स के कारण सर्वहारा वर्ग को आघात पहुंचाने का काम मोदी सरकार ने किया है। हमारे नेता राहुल गांधी एवं कांग्रेस ने जीएसटी के अनियमित स्लैब को प्रारंभ से लगातार आवाज उठाकर सरकार को जगाने का काम किया, किंतु लूट की मंशा से सरकार जनहित को अनदेखा कर वसूली में लगी रही। अब कांग्रेस की लोकतंत्र की हत्या वोट चोरी के मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने एवं अपनी गलती को छिपाने के लिए जीएसटी में बदलाव की नौटंकी कर उत्सव बता रही है।



**० गरीब, किसान, धर्म, कर्म से 8 साल तक वसूले 127 लाख करोड़ रु जीएसटी**
**० कपड़े, स्टेशनरी के कच्चे माल पर 12 से बढ़ा 18 प्रतिशत जीएसटी किया**

शाहिद भाई ने कहा कि गब्बर सिंह टैक्स के कारण बीते 8 साल में किसानों से कृषि यंत्रों, कीटनाशक, ट्रेक्टर एवं अन्य स्रोतों से लगभग 4000 करोड रुपए की अतिरिक्त वसूली हुई। गरीब मध्यमवर्गी परिवार से हर माह लगभग 9 हजार करोड़ रुपया वसूला गया। जिससे उनकी बचत खत्म हुई। उद्योग व्यापार भी बंद के कगार पर हो गए उसके लिए भाजपा की सरकार ही जिम्मेदार है।

भाजपा सरकार आज भी जीएसटी में दो स्लैब होने का दावा कर जनता को गुमराह कर धोखा दे रही है, जबकि सच्चाई यह है आज भी जीएसटी में 6 प्रकार के स्लैब है। कॉपी, किताब, पेंसिल, स्टेशनरी एवं कपड़े के कच्चे माल में जीएसटी 12 से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है जो घोर अन्याय कारक हैं। नए प्रावधान में 17 वस्तुओं पर जीएसटी की दर 28 से बढाकर 40 फीसदी, 19 वस्तुओं का 12 से 18 प्रतिशत किया गया है। आज भी 35 से अधिक कृषि उत्पाद जीएसटी के दायरे में हैं इस प्रकार जीएसटी को 2 स्लैब होने का दावा झूठा है, भाजपा के नेता कपड़े या स्टेशनरी व्यवसाई के यहां जाकर पूछे जीएसटी के बारे में तब उत्सव बताने वाले भाजपाइयों को धरातल पता चलेगा भाजपा की सरकार छल कपट कर आम जन को गुमराह करने का काम कर रही है।

## पंचमी पर श्रद्धालुओं की सेवा में आगे आया स्वास्थ्य कर्मचारी संघ



राजनांदगांव (दावा)। पंचमी पर्व पर दरोगा वार्ड प्रभारी संघ पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सेवा में आगे आया। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ नगर निगम राजनांदगांव के अध्यक्ष प्रवीण झा एवं महामंत्री सपन साहू के नेतृत्व में संघ के सभी पदाधिकारियों व सदस्यगण के सहयोग से बजरंगपुर नवागांव में प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग प्रवीण झा (अध्यक्ष), सपन साहू (महामंत्री), श्रीमति शीला सोनवानी (अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ), भूषण चौबे (उपाध्यक्ष), सुनील घनश्याम (मीडिया प्रभारी), राकेश ठाकुर (सचिव), दीपक श्रीवास्तव (मंत्री), शुभम साहू (मंत्री), दसरू भारती (व्यवस्था प्रभारी), कमलेश ठाकुर (सदस्य), गजानंद वैष्णव (सदस्य), नेतू सोनवानी (कोषाध्यक्ष), अमन हुसैन (सह महामंत्री), रामशरण रगड़े (उपाध्यक्ष), लोकेंद्र श्रीवास (सह मीडिया प्रभारी), राजेश झा (सह व्यवस्था प्रभारी), बिजेंद्र दास मानिकपुरी (सह-मीडिया प्रभारी), हरिदास मानिकपुरी (सदस्य), रामकुमार रगड़े (सदस्य), वरुण सोनी (सदस्य), अनीश अली (सदस्य), श्रीमति सुनंदा कावड़े (म.प्र. उपाध्यक्ष), दिलेश्वर निषाद (सदस्य), अख्तर अली (सदस्य), गणेश सातर (सह कोषाध्यक्ष), कमलेश रामटेके (सह सचिव) आदि रहे।






# चिंताजनक ट्रेंड : अब 30 की उम्र में भी बढ़ रहा हार्ट अटैक का खतरा

## आज विश्व हृदय दिवस पर विशेषज्ञों की चेतावनी- भारत में हर चौथा व्यक्ति हृदय रोग से जूझ रहा

दुर्ग (दावा)। कभी हार्ट अटैक को बुजुर्गों की बीमारी माना जाता था, लेकिन अब यह तेजी से युवाओं पर भी कहर ढाने लगा है। विश्व हृदय दिवस 2025 पर आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश बख्शी ने चेतावनी दी कि भारत में हर चौथा व्यक्ति किसी न किसी रूप में हृदय रोग से जूझ रहा है और यह आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। चिंता की बात यह है कि अब 30 से 40 वर्ष की उम्र में ही हार्ट अटैक के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं।



विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट बताती है कि दुनियाभर में हर साल करीब 19.8 मिलियन लोग दिल की बीमारियों के कारण जान गंवाते हैं। यह कुल मौतों का लगभग 32 प्रतिशत है। इनमें से 85 प्रतिशत मौतें हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसी अचानक होने वाली घटनाओं से होती हैं। पिछले 30 वर्षों में दिल की बीमारियों से मौतें लगभग 60 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं। भारत की तस्वीर और भी डरावनी है। यहां हर साल करीब 28-29 लाख मौतें हृदय रोगों से होती हैं। कुल मौतों में से लगभग 27 प्रतिशत मौतें सिर्फ दिल की बीमारियों के कारण हैं। 40 से 69 साल की उम्र वालों में होने वाली हर दूसरी मौत किसी न किसी रूप में हृदय रोग से जुड़ी होती है। सबसे चिंता की बात यह है कि अब यह बीमारी युवाओं को भी नहीं छोड़ रही।

न्यू इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2020 से अब तक भारत में हुए हार्ट अटैक के 45 प्रतिशत मरीज 40 साल से कम उम्र के रहे। केरल में हुए एक बड़े अध्ययन में पाया गया कि हर पांचवें हार्ट अटैक मरीज की उम्र 50 साल से कम थी। इंडियन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार अब लगभग 25-30 प्रतिशत हार्ट अटैक मरीज 30-40 साल की उम्र के हैं। यानी कॉलेज पास करने और करियर बनाने की उम्र में ही दिल थकने लगा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे सबसे बड़ी वजह बदलती जीवनशैली है। असंतुलित खानपान, जंक फूड, धूम्रपान-शराब जैसी बुरी आदतें, तनाव और शारीरिक सक्रियता की कमी-ये सब मिलकर दिल को समय से पहले बूढ़ा बना रहे हैं। नींद पूरी न करना और रोजमर्रा के दबावों को अनदेखा करना भी इस खतरे को और बढ़ा रहा है।

डॉ. बख्शी कहते हैं कि अगर समय रहते सतर्कता बरती जाए तो खतरे से बचा जा सकता है। रोजाना कम से कम आधा घंटा व्यायाम करना, ताजे फल-सब्जियों को भोजन में शामिल करना, फास्ट फूड से दूरी बनाना और नियमित स्वास्थ्य जांच कराना दिल को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकता है। पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच भी उतनी ही जरूरी है। हार्ट अटैक के शुरुआती लक्षणों को कभी नजरअंदाज न करें। सीने में दबाव या दर्द, अचानक पसीना और घबराहट, सांस फूलना, जबड़े या कंधे में दर्द और चक्कर आना-ये सभी संकेत तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की मांग करते हैं। थोड़ी सी देरी भी जिंदगी पर भारी पड़ सकती है।

# जल संकट से निपटने के लिए रबी फसल परिवर्तन पर जोर, नीर और नारी जलयात्रा के जरिए जागरूकता अभियान




राजनांदगांव (दावा)। जिले में पानी की गंभीर किल्लत को देखते हुए, रबी फसल लगाने से पहले ही किसानों को जागरूक करने के लिए हरियाली बाहिनी नीर और नारी जलयात्रा अभियान की शुरुआत 18 सितंबर से की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को कम पानी वाले और अधिक लाभ देने वाले फसल लगाने के लिए प्रेरित कर कृषि पैटर्न में परिवर्तन लाना है। आज ग्राम छुरिया ब्लॉक के बीजेपर और सागर में आयोजित नीर और नारी जलयात्रा कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव देवांगन, सरपंच मोहन यादव और सावित्री वर्मा उपस्थित रहे।

**पद्मश्री फूलबासन यादव ने किसानों से की जल संरक्षण की अपील**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा कि इस बार गर्मी से पहले ही यह अभियान चलाने का उद्देश्य यह है कि पिछली गर्मी में लोग पानी के लिए तरसे थे। उन्होंने याद दिलाया कि किसानों के बोर बंद हो गए थे। जिससे धान के फसल जल गए और जानवरों को भी चराना पड़ा। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि ऐसी स्थिति दोबारा न हो, इसके लिए अभी से सजग होकर पानी को बचाना होगा।

### 17 गांवों में पहुंच चुकी है जलयात्रा

हरियाली बाहिनी अभियान प्रमुख शिव देवांगन ने बताया कि 18 सितंबर से अब तक यह जलयात्रा 17 गांवों में निकाली जा चुकी है। उन्होंने किसानों को धान से भी अधिक लाभ देने वाले कम पानी वाले वैकल्पिक फसलें लगाने के महत्व को समझाया। उन्होंने यह भी बताया कि विगत मार्च में निकाली गई नीर और नारी जलयात्रा के अच्छे परिणाम आए हैं। उन्होंने बिहान, जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि की टीम के विशेष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जिसके कारण यह असंभव कार्य संभव हो पाया है। यह जागरूकता अभियान जिला प्रशासन, बिहान समूह और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किसानों को पानी की बचत के महत्व और स्थायी कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में स्वच्छता पखवाड़ा पर नुक्कड़ नाटक एवं हैंड वॉश का आयोजन

छुरिया (दावा)। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा का अलख जलाए रखने वाली एकमात्र अंग्रेजी माध्यम की शाला रॉयल किड्स कॉन्वेंट छुरिया में आज 27 सितंबर दिन शनिवार को स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रैली एवं विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

भारत सरकार द्वारा गांधी जयंती के उपलक्ष में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन पूरे देश भर में किया जा रहा है तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संपूर्ण भारत में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिससे प्रेरित होकर रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया।

यह कार्यक्रम संस्था के प्रशासक संजय बहादुर सिंह, डायरेक्टर सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह के कुशल निर्देशन में किया गया। उन्होंने भी अपने संबोधन में सभी से प्रतिदिन अपने घर आंगन विद्यालय एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने का आग्रह किया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हाथों में बैनर और तख्तिया लेकर रैली निकाली और स्वच्छ रहो स्वस्थ रहो जैसे नारे लगाते हुए स्थानीय नागरिकों को जागरूक किया इसके पश्चात नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्वच्छता के महत्व और गंदगी से फैलने वाली बीमारियों को प्रभावी ढंग से दर्शाया गया नाटक को देखकर लोग काफी प्रभावित हुए और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

छोटी कक्षाओं के बच्चों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई। कुछ बच्चों ने विद्यालय प्रांगण में झाड़ू लगाकर सफाई की तो कुछ ने हैंड वॉश का महत्व प्रदर्शित किया। उन्होंने सही तरीके से हाथ धोने की विधि बताई और लोगों को समझाया कि हाथ धोना बीमारियों से बचाव का सबसे सरल उपाय है, वहीं अन्य बच्चों ने गार्बेज प्रबंधन पर संदेश दिया कि कचरे को इधर-उधर ना फेंके और गीले सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बो में डालें।

**नन्हे कदमों से स्वच्छता का बड़ा संदेश**










अंत में संस्था के प्राचार्य गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर ने भी अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं बल्कि जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और सभी को अपने घर विद्यालय और समाज को स्वच्छ रखने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में शिक्षकों अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

इस कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा जिममे शिक्षिका श्रीमती चित्रा साहू, श्रुति गुप्ता, ऋतु भाटिया, रंजना तिवारी, प्राची योगी, रागिनी पिल्ले, आशियाना खान, शिक्षक संदीप साहू, जितेंद्र मंडावी ने बच्चों को स्वच्छता के महत्व को समझाने के लिए तैयार किया रैली एवं नुक्कड़ नाटक के अभ्यास करवाए और पूरे आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई संस्था की ओर से सभी शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन की प्रशंसा की गई तथा उन्हें धन्यवाद दिया गया कि उनकी प्रेरणा से ही बच्चे समाज को स्वच्छता का संदेश दे पाए। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती मनीषा सिंह, अकेडमीक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई के वैष्णव की ओर से भी बच्चों को उनके प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी गई एवं यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल विद्यालय की नहीं पूरे समाज की जिम्मेदारी है। बच्चों ने जो उदाहरण प्रस्तुत किया है वह सभी के लिए प्रेरणादाई है। संस्था ने विश्वास व्यक्त किया कि विद्यार्थी आगे भी समाज में जागरूकता फैलाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे और स्वच्छ-स्वस्थ तथा उज्जवल भारत के निर्माण में अपना योगदान देंगे। उक्त जानकारी संस्था की प्रचार प्रसार प्रभारी श्रीमती वंदना शर्मा द्वारा दी गई।

# प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष भारती ने छात्रावास के बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन



डोंगरगढ़(दावा)। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती ने अपने जन्मदिन पर अनु.जाति कन्या छात्रावास में पहुंच बच्चों के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया। उन्होंने बच्चों के मध्य भोजन का वितरण कर रोज होने वाली प्रार्थना में शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रदेश सह प्रकोष्ठ संयोजक शशिकांत द्विवेदी जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बन्नोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता महेंद्र भाई पटेल सुनील जैन, राज नारायन चंद्रेल, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोआना सभापति रेखा राघवते, पार्षद बबीता मलगार, शारदा यादव, शिवांगी साखरे, लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुरकर, वात्सला श्रीवास्तव, श्याम तिवारी, महेश सहारे, शुभम परिहार, अजय शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# विश्व रेबीज दिवस पर पालतू जानवरों को टीका लगवाने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। विश्व रेबीज दिवस पर पशुपालन विभाग द्वारा 28 सितंबर को जानवरों के काटने पर रेबीज से बचने के लिए घर के पालतू कुत्ता, बिल्ली अन्य जानवरों को एंटी-रेबीज टीकाकरण करवाने की अपील की गई है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. प्रतिभा भोसले ने बताया कि जानवरों के काटने पर रेबीज से बचने के लिए श्वान को तीन महीने की उम्र में टीका लगवाना चाहिए, फिर बस्टर टीके, उसके बाद हर वर्ष में टीका भी लगवाना चाहिए। इसके लिए जिला पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में समय-समय पर निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण अभियान चलाया जाता है। उन्होंने बताया कि रेबीज एक ऐसा वायरस है जो आमतौर पर जानवरों के काटने से फैलता है। इसके लक्षण दिखने में काफी समय लग जाता है और देर होने पर यह जानलेवा भी होता है। अगर समय रहते लोग इसके प्रति सचेत हो जाएं तो काफी हद तक बचा जा सकता है।

प्रभारी जिला पशु चिकित्सालय डॉ. तरूण रामटेके ने बताया कि रेबीज के 97 प्रतिशत मामले संक्रमित कुत्ते के काटने के कारण होता है। संक्रमित कुत्ते के अलावा यह बीमारी बिल्ली, बंदर, नेवला, लोमड़ी, सियार सहित अन्य जंगली जानवरों के काटने या नाखून मारने से भी हो सकता है। रेबीज के लक्षण में बुखार आना, सिर दर्द, मुंह में अत्यधिक लार बनना, व्यावहारिक ज्ञान शून्य होना, मानसिक विक्षिप्तता, हिंसक गतिविधियां, अति उत्तेजक स्वभाव, अजीब तरह की आवाजें निकालना, हाइड्रोफोबिया (पानी से डर लगना), अपने में खोए रहना, शरीर में झनझनाहट होना, अंगों में शिथिलता आना, पैरालाइज हो जाना है। उन्होंने कहा कि जानवरों के काटने पर बिना समय गवाए तत्काल काटे गए जगह को साबुन या किसी एंटीसेप्टिक लोशन से अच्छी तरह साफ कर लेना चाहिए। इसके बाद नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें और बिना देर किए 48 घंटे के भीतर रेबीज की वैक्सीन जरूर लगवाएं। डॉ. तरूण रामटेके ने बताया कि रेबीज का संक्रमण कई दिनों या सालों बाद लक्षण उभर सकता है। अगर गर्दन या सर के पास जानवर काट लेता है, तो उसका संक्रमण जल्दी से फैलता है। रेबीज के प्रारंभिक लक्षणों में आमतौर पीड़ित व्यक्ति को जानवर द्वारा काटे गए जगह पर झुनझुनी होती है। इसके अलावा बुखार, भूख न लगना और सिरदर्द जैसी शिकायत भी शुरू हो जाती है। किसी व्यक्ति को जानवर ने काटा है, तो उसे जल्द से जल्द चिकित्सक से मिलना चाहिए और एंटीरेबीज टीके लगवाने चाहिए।

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा नकबजनी का आरोपी, 65 हजार के जेवरात किया बरामद

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में नकबजनी कर लाखों रुपए के जेवरात पर हाथ साफ करने वाले आरोपी को 24 घंटे के भीतर धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए चांदी के विभिन्न जेवरात जब्त किया है। कोतवाली थाना प्रभारी नंद कुमार गौतम ने बताया कि 26 सितंबर को प्रार्थियां श्रीमती सपना गोलछा पति नरेन्द्र कुमार गोलछा उम्र 53 वर्ष निवासी विनय फेम के बाजू तेलीपारा आजाद चौक ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि 24 सितंबर को 8 बजे से 26 सितंबर को 10:30 बजे के मध्य इसकी गुड़ाखु लाईन स्थित गोलछा वस्त्रालय एवं ज्वेलर्स दुकान में रखे चांदी के विभिन्न प्रकार के आभूषण कीमत 1,50,000 रूपये सहित नगदी रकम 15,000 रूपये जुमला किमती 1,65,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप.क्र. 573/25 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस कायम कर मामले की गंभरता को देखते हुए तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर तत्काल थाने से पुलिस स्टॉफ रवाना कर घटना स्थल एवं उसके आसपास में लगे सभी सीसीटीव्ही कैमरा के फुटेज को चेक कराया गया।



**अन्य आरोपी की पता-तलाश जारी**

फुटेज में मिले क्लू के आधार पर एक संदेही को मुखबीर के सूचना पर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम गणेश राजपूत पिता गोपी राजपूत उम्र 36 वर्ष निवासी कृष्णा टॉकिज के पास सिनेमा लाईन बताया। पूछताछ पर आरोपी द्वारा अपने साथी राजेन्द्र राजपूत के साथ मिलकर चांदी के जेवरात व नगदी रकम को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से चांदी के विभिन्न जेवरात किमती करीब 65हजार रू. जप्त किया गया। बाकी जेवरात व नगदी रकम को राजेन्द्र राजपूत के पास होना बताया, जिसकी पतासाजी की जा रही है। वह अभी तक नहीं मिला। आरोपी गणेश राजपूत के खिलाफ पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर शनिवार 27 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## वरिष्ठ अधिकारियों ने शक्ति कुटीर पंचायत का लिया जायजा



डोंगरगढ़(दावा)। चीफ सेक्रेटरी निहारिका बारी सिंह (आईएएस) छत्तीसगढ़ शासन एवं जिलाधीश सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे और जिला पंचायत सी.ई.ओ. सुरुचि सिंह मुसराकला के आश्रित ग्रामखुर्द में शक्ति कुटीर पंचायत द्वारा संचालित भोजन व्यवस्था का जायजा लिया एवं लखपति दीदी निर्मला साहू पति रूपलाल साहू से मशरूम खेती के सम्बन्ध में चर्चा एवं सहयोग की बात की। इसके साथ ही अन्य ग्राम की दीदियों को ई-रिक्शा वितरित किया गया। उक्त कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वक्षता ही सेवा है एवं रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत सम्पन्न किया गया। जिसमें एस.डी.ओ. पंचायत, इंजिनियर, सहित जिला जनपद के समस्त अधिकारी उपस्थित थे। सरपंच ग्राम पंचायत मुसरा के कार्यो को देखकर आने वाले समय में और भी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयादशमी उत्सव शस्त्रपूजन कर किया पथ संचलन



खैरागढ़(दावा)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष पर खैरागढ़ नगर के पांच बस्तियों में संचलन करने की योजना किया। जिसके अन्तर्गत शुक्रवार 27 सितंबर 2025 नवरात्रि के पंचमी पर्व पर तुरकारीपारा स्थित गार्डन में मनाया गया। बस्ती सह रचना अनुसार विजयादशमी उत्सव पर शस्त्रपूजन व पथ संचलन किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि मनोहर चंदेल (विभाग पर्यावरण प्रमुख) मुख्यवक्ता के रूप में जितेन्द्र शर्मा (प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़) रहे। इस अवसर पर मनोज गिढिया, (खंड व्यवस्था प्रमुख) श्रीराम यादव (जिला घुमन्तु कार्य प्रमुख), भूपेंद्र गंगबोइर (नगर शारीरिक प्रमुख), नीकु श्रीवास (धर्म जागरण नगर संयोजक), हेमलाल कौशिक (नगर व्यवस्था प्रमुख), सुभाष सिंह (जिला सहमंत्री विश्व हिंदू परिषद), नरेन्द्र सोनी (सहकार भारती जिला प्रमुख), शशांक ताम्रकार (जिला महामंत्री भाजपा), विकेश गुप्ता, महावीर छाजेड़, आंनद तम्बोली, सुनील यादव, समीर सोनी, चंदन गिरी गोस्वामी, तेजप्रकाश यादव, पंकज यादव, आरव श्रीवास, नीरज भट्ट, अभिषेक गुप्ता, महेश गिरी गोस्वामी सहित बाल स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# राजकुमार भवानी बहादुर सिंह के नेतृत्व में आदिवासी समाज ने हक और अधिकार की लड़ाई को आगे बढ़ाया

डोंगरगढ़(दावा)।आदिवासी गोंड समाज की कुलदेवी मां बमलेश्वरी देवी की पूजा अर्चना में शामिल राजकुमार भवानी बहादुर सिंह ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर सर्व समाज व देशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की। हजारों की संख्या में उपस्थित सामाजिक गनों का नेतृत्व कर रहे खैरागढ़ राजघराने के वरिष्ठ सदस्य पूर्व सांसद स्वर्गीय राजा शिवेंद्र बहादुर सिंह व पूर्व मंत्री श्रीमती गीता देवी सिंह के जेष्ठ पुत्र राजकुमार भवानी बहादुर सिंह वर्तमान ट्रस्ट समिति पर संचालन को लेकर तंज करते हुए कहा कि देवी मां के मंदिर की स्थापना व ट्रस्ट समिति का निर्माण करने वाले राज घराने के सदस्यों को ही ट्रस्ट की गतिविधियों से दूर कर दिया गया है। ऐसा कर मंदिर ट्रस्ट संस्थापक सदस्यों के परिजनों की अनदेखी कर रहा। ऐसा कहकर उन्होंने राज परिवार व आदिवासी गोंड समाज की ओर से हक और अधिकार की लड़ाई को पूरी मजबूती से आगे बढ़ा दिया है।

जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्य सभापति प्रशांत कोड़पे और समाज प्रमुखों के नेतृत्व में मंदिर ट्रस्ट चुनाव के दौरान ट्रस्ट में भागीदारी को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया गया था। नवरात्र पर्व के दौरान शुक्रवार देर रात मां बम्लेश्वरी मंदिर में परंपरागत 'दाई बमलई पंचमी भेंट' का आयोजन हर्षोल्लास मय वातावरण में संपन्न हुआ। गोंडवाना गोंड समाज की इस ऐतिहासिक परंपरा में पहली मर्तबा खैरागढ़ राजपरिवार के सदस्य भवानी बहादुर सिंह भी शामिल हुए। हजारों की संख्या में पहुंचे सामाजिक गणों के साथ जब वे माता के दरबार पहुंचे और विधि विधान पूजा अर्चना कर, आस्था के इस मंच से मंदिर प्रबंधन और ट्रस्ट व्यवस्था पर उन्होंने खुलकर नाराजगी व्यक्त की।

### सदियों से चले आ रही आदिवासी परंपरा का निर्वहन नहीं कर रहा है मंदिर ट्रस्ट-भवानी बहादुर सिंह

राज कुमार भवानी बहादुर ने कहा कि बम्लेश्वरी धाम में सदियों से बैगा पूजा को प्राथमिकता दी जाती रही है। यह परंपरा उनके पूर्वजों राजा कमल नारायण के समय से चली आ रही है, लेकिन अब उन्हें और उनके वंशज को दरकिनार कर दिया गया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा ÷हमारे दादा ने सेवा भाव से ट्रस्ट की नींव रखी थी,ताकि सभी वर्गों को उसमें जगह मिले। मगर आज हम ही बाहर कर दिए गए हैं। देवी की पूजा में राजपरिवार की भूमिका को अनदेखा करना न केवल परंपरा का अपमान है बल्कि आदिवासी समाज की आस्था को ठेस पहुँचाना भी है। राजकुमार ने आरोप लगाया कि ट्रस्ट का संचालन अब मूल भावना से भटक गया है।और संस्थापक परिवार तक को महत्व नहीं दिया जा रहा। उन्होंने शासन-प्रशासन से अपील की कि चुनाव प्रणाली में सुधार लाया जाए और फाउंडर मेंबर की राय को अनिवार्य किया जाए। चेतावनी भरे लहजे में उन्होंने यह भी कहा कि अगर समाज को उसका हक नहीं मिला तो गोंड समाज खुद अपना अधिकार लेने को मजबूर होगा। नवरात्र मेले के बीच भवानी बहादुर की इस तल्ख बयानबाज़ी ने डोंगरगढ़ में एक बार फिर मंदिर प्रबंधन को विवादों के घेरे में ला दिया है। आस्था और राजनीति के इस टकराव ने आने वाले दिनों में हालात और गरमाने के संकेत दे दिए हैं।




**हजारों की संख्या में उपस्थित आदिवासी गोंड समाज के साथ श्री सिंह ने गोंड परंपरा के अनुसार माता की पूजा अर्चना की**

### जाने डोंगरगढ़ का रियासतकालीन इतिहास

डोंगरगढ़ रियासत ब्रिटिश काल में खैरागढ़ और राजनांदगांव के साथ छत्तीसगढ़ की प्रमुख रियासतों में से एक थी, जिसका शासक राजा घासीदास बहादुरी और निर्भीकता के लिए प्रसिद्ध था। 1816 में डोंगरगढ़ से नागपुर भेजे जा रहे कर की राशि को राजा घासीदास ने लूट लिया, जिससे ब्रिटिश हुकूमत हक्का-बक्का रह गई। नागपुर के रेजिडेंट सर रिचर्ड जेडिंक्स ने खैरागढ़ के राजा टिकैत राय और नांदगांव के राजा महंत मौजीराम को आदेश दिया कि डोंगरगढ़ के राजा को बंदी बनाकर नागपुर लाया जाए, और दोनों रियासतों के शासकों ने डोंगरगढ़ पर चढ़ाई कर इसे जीत लिया। इसके बाद अंग्रेजों ने डोंगरगढ़ का आधा क्षेत्र खैरागढ़ और आधा नांदगांव को सौंप दिया, जबकि खैरागढ़ के राजा टिकैत राय की वीरता से प्रभावित होकर उन्हें सिंह टाइटल और डोंगरगढ़ की गद्दी का अधिकार भी दिया गया। स्वतंत्रता के बाद रियासतों के शासकों को राजकीय सम्मान और पेंशन दी गई और Instrument of Accession पर हस्ताक्षर के साथ खैरागढ़ रियासत भारत का हिस्सा बन गई। राजा बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने अपने पुत्रों रविन्द्र बहादुर और शिवेंद्र बहादुर को क्रमशः खैरागढ़ और डोंगरगढ़ का प्रबंधन सौंपा और 1976 में माँ बम्लेश्वरी मंदिर के संचालन के लिए ट्रस्ट का गठन किया, जो आज तक मंदिर की पूजा और व्यवस्थाएं संभाल रहा है। हालांकि, हाल ही में राजपरिवार की ओर से इस ट्रस्ट और मंदिर प्रबंधन को लेकर उठे विवाद ने न केवल डोंगरगढ़ बल्कि पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी है।

## अनमोल दावा

> बड़ा लक्ष्य हासिल करने के लिए अपने आपको निखारना जरूरी है।

# सुरक्षा को लेकर सतर्कता से इंकार प्रोटोकॉल का पालन नहीं कर रहे राहुल गांधी

पिछले दिनों खबर आई कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी सुरक्षा संबंधी प्रोटोकाल का पालन नहीं कर रहे हैं। कांग्रेस ने इस संदर्भ में लिखी गई सीआरपीएफ की चिट्ठी की परवाह नहीं की, जबकि इतिहास में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने के भयावह नतीजे के कई उदाहरण मौजूद हैं। तत्कालीन गृह मंत्री सरदार पटेल के विशेष आग्रह के बावजूद महात्मा गांधी ने सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करने से मना कर दिया था।

30 जनवरी, 1948 को हुई उनकी हत्या से सिर्फ 10 ही दिन पहले प्रार्थना स्थल यानी बिड़ला भवन के पास बम विस्फोट हो चुका था। इसके बाद सुरक्षाकर्मी सतर्क हो गए थे। दिल्ली के स्थानीय एसपी ने गांधी जी के पास जाकर उनसे आग्रह किया था कि वे प्रार्थना सभा में आने वाले लोगों की तलाशी लेने की अनुमति दें, पर गांधी जी नहीं माने। उसके बाद इसी उद्देश्य से क्षेत्रीय डीआइजी गांधी जी से मिले। उन्होंने भी उनसे इसी तरह का आग्रह किया। फिर भी वे नहीं माने। जब सरदार पटेल ने खुद महात्मा गांधी से मिलकर उनसे बात की तो गांधी जी ने धमकी देते हुए कहा कि यदि प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए बिड़ला भवन आने वालों की तलाशी होने लगेगी तो मैं आमरण अनशन शुरू कर दूंगा। इसके बाद सरदार पटेल भला क्या करते! इससे नाथूराम गोडसे को अपने लिए अनुकूल माहौल मिल गया। उसने गांधी जी की निर्मम हत्या कर दी, पर गांधी जी की हत्या के बाद क्या हुआ? जब यह खबर फैली कि एक चितपावन ब्राह्मण ने गांधी जी की हत्या कर दी है तो कांग्रेसियों और कुछ अन्य लोगों ने महाराष्ट्र में सैकड़ों चितपावन ब्राह्मणों का संहार कर दिया।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की भी ऐसी ही परिस्थितियों में हत्याएं हुई थीं। इन दोनों हस्तियों ने भी जानबूझकर अपनी सुरक्षा संबंधी नियमों का उल्लंघन किया। इंदिरा गांधी के समक्ष गांधी जी की हत्या का पूर्व उदाहरण था। राजीव गांधी के सामने गांधी जी और इंदिरा जी की हत्याओं के पूर्व उदाहरण थे। राहुल गांधी के समक्ष तो अपनी ही लापरवाही के कारण हो चुकी तीन-तीन हत्याओं के उदाहरण मौजूद हैं। यदि कई लोग कहते हैं कि इस देश के लोग इतिहास से नहीं सीखते तो ठीक ही कहते हैं।

इंदिरा गांधी की हत्या के बारे में बहुत सारी बातें कही गई हैं। रा के प्रधान रहे आरएन काव ने प्रधानमंत्री आवास के संतरी बेअंत सिंह के संदेहास्पद होने के बारे में सुरक्षा एजेंसियों को सचेत किया था। वे प्रधानमंत्री इंदिरा के वरिष्ठ सुरक्षा सलाहकार भी थे। इसी आधार पर बेअंत का तबादला दिल्ली पुलिस की सशस्त्र इकाई में कर दिया गया। इंदिरा गांधी को जब यह पता चला कि उसकी अन्यत्र तैनाती हो गई है तो उन्होंने उसे वापस अपने आवास पर सुरक्षा में लगवा दिया। 31 अक्तूबर की उस काली सुबह प्रधानमंत्री पर सबसे पहले उसी ने गोलियां चलाई थीं। ऐसे ही सुरक्षा मानकों की अनदेखी के चलते 21 मई, 1991 को तमिलनाडु के पेरंबदुर में एक मानव बम विस्फोट में राजीव गांधी की मौत हो गई। उस दिन के विस्फोट से पहले च्ब्लू बुकज् में दर्ज राजीव गांधी की सुरक्षा के उपायों का पालन नहीं किया गया।

नियमों के तहत राजीव गांधी के पास जाने वालों की तलाशी होनी चाहिए थी, पर उस मानव बम की तलाशी नहीं हुई, क्योंकि खुद राजीव ने इसकी इजाजत सुरक्षाकर्मियों को नहीं दी। घटनास्थल पर तैनात पुलिस उपनिरीक्षक अनुसूया डेजी अर्नेस्ट ने मानव बम धनु को राजीव के पास पहुंचने से रोकने की एकाधिक बार कोशिश की थी, पर राजीव गांधी ने सुरक्षाकर्मियों से कहा कि च्सबको मेरे पास आने दो।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी न तो सदन के संचालन नियमावली का पालन करते हैं और न ही भाषण या बयान देने में कानूनी-गैर कानूनी टिप्पणियों का लिहाज करते हैं। नतीजतन वे तमाम कानूनी परेशानियां झेल रहे हैं। यहां तक कि अपनी निजी सुरक्षा के प्रति भी वे लापरवाह हैं। आठ अगस्त, 2017 को तत्कालीन गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में बताया था कि च्गत दो साल में राहुल गांधी ने 121 नियोजित और अनियोजित यात्राएं की हैं। कई मौकों पर उन्होंने बुलेट प्रूफ कार का इस्तेमाल नहीं किया।

ताजा घटनाक्रम यह है कि वीवीआइपी सुरक्षा के प्रमुख ने राहुल गांधी द्वारा अपनी सुरक्षा को लेकर बरती जा रही लापरवाही के चलते कांग्रेस अध्यक्ष के साथ खुद राहुल गांधी को भी पत्र लिखा है। उन्होंने सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करने की उनसे अपील की है। पत्र में कहा गया है कि राहुल गांधी ने हाल में कुछ ऐसे दौरे किए, जिनकी पूर्व जानकारी सुरक्षा एजेंसियों को नहीं दी गई। इस तरह की गतिविधियां उनकी सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती हैं। पत्र में यह भी लिखा गया है कि सुरक्षा से जुड़े दिशा-निर्देश का पालन करना अनिवार्य है। ध्यान रहे कि राहुल गांधी को जेड प्लस की सुरक्षा मिली है।

महात्मा गांधी और इंदिरा गांधी की हत्याओं के बाद प्रतिशोधात्मक हिंसा में तमाम निर्दोष मारे गए थे। अच्छा हो कि सरकार सुरक्षा प्रोटोकाल का उल्लंघन करने वालों के लिए किसी तरह की कार्रवाई के बारे में गंभीरतापूर्वक विचार करे। यदि सुरक्षा प्रोटोकाल का पालन करना अनिवार्य है तो उसके उल्लंघन पर कोई सजा का प्रविधान भी होना चाहिए।

# एक अतुल्य पर्यटन स्थल के रूप में भारत का विकास



**रितेश अग्रवाल**

भारत की समृद्ध संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत, प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक महत्व इसे दुनिया भर के पर्यटकों के लिए एक मनपसंद पर्यटन स्थरल बनाते हैं। फिर भी, इस क्षेत्र को वर्तमान मोदी सरकार के कार्यकाल में ही वह प्राथमिकता मिली है जिसका यह हकदार है– अर्थव्यवस्था के प्रमुख चालक और सॉफ्ट पावर के एक साधन, दोनों ही रूपों में। प्रधानमंत्री मोदी ने इस क्षमता को गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए भी पहचाना था। पर्यटन भारत में अब केवल फुरसत में छुट्टियां बिताने का साधन भर नहीं रह गया है; यह रोज़गार, गौरव और विश्व मानचित्र पर भारत को स्थापित करने का माध्यम भी बन गया है। पिछले एक दशक के दौरान, भारत में परिवहन अवसंरचना का व्यापक विस्तार हुआ है। राजमार्ग, रेलवे और विमानन नेटवर्क उन क्षेत्रों तक पहुँच चुके हैं, जो पहले दुर्गम हुआ करते थे। स्वदेश दर्शन (विषय-आधारित पर्यटन) और प्रसाद -तीर्थयात्रा पुनरुद्धार एवं आध्यात्मिक संवर्धन अभियान-जैसी योजनाओं ने आस्था और संस्कृति के प्राचीन मार्गों को पुनर्जीवित किया है और साथ ही छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अवसर भी पैदा किए हैं। पिछले दशक के दौरान निर्मित प्रत्येक राजमार्ग, हवाई अड्डा और तीर्थ गलियारा केवल अवसंरचना मात्र नहीं है-यह भारत की विरासत की ओर एक सेतु है।

मोदी के विज़न ने अध्यात्म, स्वास्थ्य, एडवेंचर और व्यावसायिक पर्यटन पर जोर देते हुए अतुल्य भारत 2.0 में नई जान फूंक दी है। बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट जैसे विशेष सर्किट, वाराणसी में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी लाखों लोगों को आकर्षित करने वाली ऐतिहासिक परियोजनाएं हैं। केदारनाथ, जो कभी त्रासदी से तबाह हो गया था, साल 2024 में 16 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों का स्वागत करने के लिए फिर से तैयार हो गया। एक दशक पहले तक यह आंकड़ा केवल 40,000 का था। महाकाल की नगरी के रूप में पुनर्जीवित उज्जैन ने साल 2024 में 7.32 करोड़ आगंतुकों को आकर्षित किया।

काशी ने 11 करोड़ तीर्थयात्रियों का स्वागत किया, जबकि बोधगया और सारनाथ ने साल 2023 में 30 लाख से अधिक साधकों को आकर्षित किया। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के केवल छह महीनों के भीतर, 11 करोड़ से अधिक भक्तों ने दर्शन किए। महाकुंभ 2025, विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम,



में 65 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आए। केदारनाथ का पुनरुद्धार, काशी का कायाकल्प और अयोध्या का पुनर्जन्म यह दर्शाता है कि किस प्रकार आस्था और अवसंरचनाएं मिलकर यात्रा को पुनर्परिभाषित कर सकते हैं।

डिजिटल इंडिया और स्मार्ट सिटीज़ पर ध्यान केंद्रित करने से बुनियादी ढाँचों और पहुँच में और सुधार हुआ है। आधुनिक हवाई अड्डे, उन्नत राजमार्ग, बेहतर रेल संपर्क और निर्बाध डिजिटल बुकिंग प्रणालियों ने यात्रा को और अधिक सुविधाजनक और विश्वसनीय बना दिया है। डिजिटल ऐप्स, बहुभाषी हेल्पलाइन और अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी भले ही छोटे बदलाव लगें, लेकिन इन सबने मिलकर भारत को दुनिया के सबसे ज़्यादा यात्री-अनुकूल स्थलों में से एक बना दिया है। साथ ही, वीज़ा मानदंडों में ढील और विस्तारित ई-वीज़ा नीति ने विदेशी पर्यटकों के आगमन को उल्लेखनीय रूप से बढ़ावा दिया है। सरकार ने इको-टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म और एडवेंचर स्पोर्ट्स को भी बढ़ावा दिया है, जिससे यह सुनिश्चित हुआ है कि भारतीय पर्यटन का भविष्य संतुलन में है- विकास के साथ-साथ स्थाायित्वी, बुनियादी ढाँचों के साथ-साथ विरासत और आधुनिकता के साथ-साथ परंपरा।

जी-20 शिखर सम्मेलन जैसे उच्च-स्तरीय वैश्विक आयोजनों की भारत द्वारा मेज़बानी ने न केवल आतिथ्य सत्कार, बल्कि सांस्कृतिक गहराई को भी प्रदर्शित किया। ऐसे अवसरों ने भारत को एक आधुनिक अर्थव्यवस्था और एक शाश्वत सभ्यता, दोनों के रूप में स्थापित किया, जिसने अंतर्राष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया और विदेशों से अधिक से अधिक पर्यटकों को प्रोत्साहित किया। नीतियों से परे, मोदी जी जिस तरह से भारतीय संस्कृति और पर्यटन स्थलों का समर्थन करते हैं, उसका एक व्यक्तिगत पहलू भी है। योग को दुनिया भर में लोकप्रिय बनाने से लेकर केदारनाथ में नंगे पैर चलने और अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह के पानी में गोता लगाने तक, उन्होंने न केवल भाषणों के माध्यम से, बल्कि अपने अनुभवों के माध्यम से भी दुनिया को भारत से परिचित कराया है। ऐसा करके, वे स्वयं एक सांस्कृतिक राजदूत बन गए हैं, और इस विचार को पुष्ट कर रहे हैं कि ब्रांड इंडिया का निर्माण केवल बोर्डरूम या नीतिगत दस्तावेजों में ही नहीं, बल्कि वाराणसी के घाटों, हिमालय की चोटियों और केरल के तटों पर भी हो रहा है।

श्री मोदी पर्यटन का सिर्फ़ समर्थन ही नहीं करते; वे उसे साकार भी करते हैं। सोशल मीडिया पर भारतीय स्थलों का बार-बार प्रदर्शन, भाषणों में स्थानीय त्योहारों और परंपराओं का जिक्र और भारतीयों से पहले 'भारत को जानो' का आह्वान, इन सबने घरेलू पर्यटन के प्रति गौरव का भाव जगाया है। यहाँ तक कि आधिकारिक दौरों पर उनका पहनावा–चाहे नागा शॉल हो, हिमाचली टोपी हो या तमिल वेष्टि, क्षेत्रीय पहचान और परंपराओं के प्रति उनका सम्माटन होता है, जो विविधता में एकता का प्रतीक है। एक राष्ट्रीय नेता और एक वैश्विक राजनेता, दोनों के रूप में मोदी भारत की सौम्य शक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिकता के महत्व को समझते हैं। संयुक्त राष्ट्र, विश्व आर्थिक मंच और जी-20 शिखर सम्मेलन में उनके संबोधन अक्सर भारत की विरासत को गौरवान्वित करते हैं।

योग और आयुर्वेद के प्रति उनके वैश्विक प्रोत्साहन ने भारत को समग्र स्वास्थ्य के केंद्र के रूप में स्थापित किया है। आज, देश भर के ध्यारन-आश्रम 120 से अधिक देशों के साधकों को आकर्षित करते हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि कैसे प्राचीन पद्धतियां दुनिया भर में आधुनिक जीवनशैली को आकार दे रही हैं। इस प्रकार, उनके नेतृत्व में पर्यटन रोज़गार, विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। भारत में साल 2024 में घरेलू पर्यटकों की संख्याआ 294.76 करोड़ थी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17.36 प्रतिशत अधिक है। जैसे-जैसे यह क्षेत्र निरंतर हो रहा है, भारत न केवल अपने अतीत का जश्न मना रहा है, बल्कि एक ऐसे भविष्य का निर्माण भी कर रहा है जहाँ हर क्षेत्र का वैश्विक मानचित्र पर अपना एक स्थान हो। प्रत्येक राज्य, शहर और गाँव को अब अपनी कहानी कहने का अवसर मिला है और मोदी जी के नेतृत्व में ये कहानियाँ दुनिया तक पहुँच रही हैं।

एक ऐसे नेता के साथ जो 'ब्रांड इंडिया' की शक्ति में विश्वास रखता है, भारतीय पर्यटन का भविष्य मजबूत, गतिशील और चिरस्थायी है।

## विचार सरिता

# अध्याय 19 : एक अज्ञात अनजाना भय और उससे लोगों को उबारने का प्रयास करती यशस्विनी

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



यशस्विनी का अनुमान एकदम सही निकला।ग्रेजुएशन पूरा होते-होते कैंपस सिलेक्शन में ही उस लड़के का चयन देश की शीर्ष अंतरिक्ष अनुसंधान एजेंसी में वैज्ञानिक के पद पर हो गया और उसने जाने के समय भी उसी गंभीरता का परिचय दिया और फोन करना तो दूर एक बार भी उससे मिलना गंवारा नहीं समझा। इस स्थिति के लिए यशस्विनी पहले ही मानसिक रूप से तैयार थी। यशस्विनी को कुछ वर्ष पूर्व मार्च 2009 में मराठा चित्र मंदिर मुंबई में इस फिल्म के 700 सप्ताह पूरे होने पर एक विशेष शो में देखी गई फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जायेंगे का एक-एक दृश्य याद आने लगाज.. तब यशस्विनी स्कूल के साथ मुंबई के शैक्षणिक भ्रमण पर थी। श्री कृष्ण प्रेमालय स्कूल में यशस्विनी मंच पर है और आगे कतारबद्ध सैकड़ों बच्चे हैं। सदैव की भांति प्रार्थना सभा की शुरुआत 'हे शारदे मां... हे शारदे मां, अज्ञानता से हमें तारदे मां...' की सुमधुर प्रार्थना से हुई। इसके बाद एक छात्र ने आज का सुविचार प्रस्तुत किया।दो विद्यार्थियों ने आज के समाचारों के अंतर्गत देश,दुनिया और खेल की सुर्खियां पढ़ीं ।इसके बाद विशेष कार्यक्रम में एक बच्ची ने चीन के वुहान शहर से फैलने वाले एक विशेष तरह की महामारी कोरोना वायरस की जानकारी दी। इसे सुनकर यशस्विनी को देश में कठिन दिनों की आहट सुनाई देने लगी।

वह विशेष प्रस्तुति एक आलेख का वाचन ही थी जिसमें उस छात्रा ने कुछ ही दिन पहले 30 जनवरी 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस विशेष तरह के फ्लू को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित करने की जानकारी दी थी।साथ ही यह भी बताया था कि चीन के अनेक शहरों में लॉकडाउन लगाया गया है और लोग क्वारन्टीन हैंये शब्द यशस्विनी के लिए पहली बार सुने जाने वाले थे। बच्चों ने तो इसे केवल एक सामान्य प्रस्तुति के रूप में लिया क्योंकि वे इसके संभावित परिणामों से अवगत नहीं थे। स्वयं यशस्विनी ने सोचा कि देश में विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा घोषित किए गए पहले के आपातकालों का भी कोई बहुत अधिक विपरीत असर नहीं पड़ा था और अब 2009 के एच वन एन वन इमरजेंसी के बाद विश्व स्वास्थ संगठन द्वारा घोषित की गई यह छठी इमरजेंसी है तो भारत पर इस बार भी इसका विशेष प्रभाव नहीं पड़ना चाहिएज् वैसे भी कोरोनावायरस और इसके हल्के प्रभाव के बारे में उसने पिछले आठ-दस वर्षों में कई बार सुन रखा हैज.. शायद यह कोरोना का कोई नया वर्जन होज. बस अन्य देशों में इसके तेजी से फैलने और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर रोक और शहरों को लॉक करने के समाचार से उसे थोड़ी घबराहट हुई।

आज के योग सत्र में यशस्विनी ने प्रशिक्षण देने के साथ-साथ विद्यार्थियों को इस तरह के वायरसजन्य रोगों से बचाव के बारे में सामान्य जानकारी भी दी और उन्हें प्रेरित किया कि आप लोगों को किसी भी संक्रमण की स्थिति में बचने के लिए सतर्कता बरतने की आवश्यकता हैज.. वैसे स्वच्छता के नियमों का पालन तो हम सभी लोग प्रतिदिन करते ही हैं.... घर लौटकर यशस्विनी ने एक बार फिर से कोरोनावायरस के बारे में समाचार पत्र और पत्रिकाओं की सभी खबरों का अध्ययन किया। चिंता वाली कोई बात नहीं थी लेकिन यह वायरस बड़ी तेजी के साथ अनेक देशों में फैल रहा था और भारत में भी सभी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों पर थर्मल स्कैनिंग की व्यवस्था की गई थी।आखिर यह एक तरह का खतरनाक बुखार ही है।यशस्विनी को यह जानकार आश्चर्य हुआ कि भारत में भी 30 जनवरी को ही कोरोना का पहला मामला वुहान से लौटी एक छात्रा के माध्यम से सामने आया था। 11 फरवरी को ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस रोग को कोविड-19 का नाम दिया था। आने वाले हर दिन के बीतने के साथ ही इस महामारी को लेकर चिंता बढ़ती ही गई, हालांकि भारत में घबराहट वाली कोई स्थिति नहीं थी क्योंकि जो व्यक्ति इस रोग के पहले मरीज थे वे स्वस्थ हो चुके थे लेकिन मरीजों की संख्या अभी भले ही दहाई के आंकड़े में थी लेकिन धीरे-धीरे बढ़ रही थी। ईरान में लगातार होती मौतें और चीन में अनेक शहरों के ऊपर सेटेलाइट पिक्चर में उठते धुएं के चित्रों ने यशस्विनी को सोचने को मजबूर कर दिया कि कहीं न कहीं यह एक बड़ी महामारी का रूप ले रही है। फरवरी महीने के आखिरी में भारतीय विमानों ने चीन के एजुकेशन हब वुहान शहर से सैकड़ों भारतीयों को रेस्क्यू किया।

समाचार पत्रों में चीन के बारे में खबरें कम आती थीं लेकिन वहां से लौटने वाले एक-दो भारतीय लोगों के लॉकडाउन के संस्मरण बड़े ही विचलित करने वाले थे क्योंकि खाने-पीने से लेकर पानी तक की कमी हो रही थी। यशस्विनी समझ गई थी कि वुहान शहर में इसने बड़े पैमाने पर तबाही मचाई है और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की रोक के बाद भी कहीं न कहीं यह महामारी अमेरिका, यूरोप और अरब, दक्षिण एशिया के अनेक देशों में फैल चुकी है।

पहले तो विदेश से भारत आने वाली फ्लाइट में केवल संदिग्ध पैसेंजर ही स्क्रीन किए जाते थे, लेकिन 6 मार्च से इसे सभी यात्रियों के लिए अनिवार्य कर दिया गया। यशस्विनी ने उस दिन की अपनी डायरी में लिखा, अनेक देशों में तांडव मचाते इस महामारी के हमारे देश में भी आहट... सभी मुस्तैद व सजग हैं लेकिन बिना लक्षणों वाले इस बीमारी के बाद में अपना असली रंग दिखाने पर क्या होगा है ? ईश्वर सबकी मदद करें।..÷ 8 मार्च की डायरी में यशस्विनी ने लिखा ज..आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है और भारत में इस कोरोनावायरस से संक्रमितों की संख्या 100 पहुंच गई है...। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अध्यक्ष ने ट्वीट किया,.... यह महामारी 100 देशों में फैल चुकी है...

आखिर 11 मार्च 2020 को विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 को वैश्विक महामारी घोषित कर दिया...

यशस्विनी श्रीकृष्ण प्रेमालय स्कूल प्रबंध समिति की सदस्या भी थी। स्कूल के प्राचार्य ने समिति की बैठक में वार्षिक उत्सव के आयोजन का प्रस्ताव रखा।प्रति वर्ष यह अप्रैल महीने में होता था क्योंकि तब मार्च महीने में बोर्ड परीक्षाएं समाप्त हो जाती थीं और अप्रैल से नया सत्र प्रारंभ होने पर विद्यार्थियों पर पढ़ाई का बोझ कम रहता था...। बैठक में यशस्विनी ने इस प्रस्ताव का विरोध किया।उसने कहा, परीक्षाएं पूर्व घोषणा के अनुसार पहले शुरू हो गई हैं लेकिन हमें जल्द से जल्द परीक्षा समाप्त होने के बाद विद्यार्थियों को राहत देते हुए अगले सत्र में स्कूल बुलाने से बचना चाहिए थोड़े दिनों के लिए. इसलिए हमें अप्रैल में वार्षिक उत्सव कराने से बचना चाहिए क्योंकि संभावित वायरस संक्रमण से बचाव के लिए लोगों का दूर- दूर रहना अति आवश्यक है। ऐसा मेरा अनुमान हैज.. यशस्विनी के प्रस्ताव का सभी ने समर्थन किया और इस बात पर भी सहमति बनी कि परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थी अगर स्कूल आते हैं तो एक तो प्रार्थना सभा ही न हो और होने की स्थिति में उन्हें बहुत दूर दूर खड़ा किया जाए...।

(क्रमशः)

## सामयिक कहानी

# तुम मेरे राजा बेटा हो!



मालती को सबेरे से खराब लग रहा था वही-वही बात उमड़-घुमड़ रही थी मन में। दोपहर में वे आराम करती थीं पर आज दोपहरी नींद भी नहीं आई। बेचैन होकर बिस्तर से उठ पड़ीं और तुलसी चौरे के चबूतरे पर चुपचाप आकर बैठ गई। बात शुरू हुई थी चाय से । उन्होंने बहू से सहज स्वर में कहा था-''मनो बेटी! चाय ठंडी हो गई है, गरम कर दे।'' और तुनुक मिजाजी मनोरमा एकाएक खीज उठी ।'' मॉजी ! एक तो आप चाय समय पर पीती नहीं देवी पाठ में लगी रहती है और फिर कहती हैं-''चाय ठंडी हो गई, फिर से गरम कर दे ।' मैं कब तक चाय गरम करती रहूंगी मुझे और भी काम है।'' मालती ने खुद को सम्हाल कर कहा-''इतना गुस्सा क्यों करती हो मनो! दो मिनट में तो चाय गरम ....।'' एकदम झल्ला कर मनोरमा उठ खड़ी हुई-''आप खुद गरम कर लो, मुझे समय नहीं हैं, मोन्टू को होमवर्क करवाना है ।'' और तेजी से वह ऊपर चली गई।

आफिस वर्क करते सुकान्त पत्नी का भन्नाया चेहरा देख समझ गया, अम्मा से फिर बहस हो गई है। कुछ पूछना उचित नहीं समझा। बोलोगे तो बह निश्चित चंडी बन कर जो मन में आए वह कह जाएगी । वह शान्त मन से, फाइल उठा कर नीचे चला आया। अम्मा को परेशान देख, वह कर, पास आकार पूछ उठा ''क्या बात है अम्मा ! तुम यहॉ खिन्न, परेशान बैठी हो ओर उधर मनो भन्नाई हुई है।'' मालती ने कहा -'' कुछ नहीं सुकान्त! चाय ठंडी हो गई थी मैने उसे गरम कर देने को कहा कि .... पता नहीं वह क्यों क्रुद्ध हो गई ।''सुकान्त कह उठा ''तुम तो जानती हो अम्मा। वह उग्र स्वभाव की है । उसके पीछे मत पड़ा करा! ''मालती को सुकान्त की पत्नी की तरफदारी अच्छी नहीं लगी । बोल उठीं -'वाह रे बेटा। बहू को जरा चाय गरम करने को कहना, उसके पीछे पड़ना है। जा रे! तू भी ऊपर जा, तरी पत्नी ऊपर गई है।''

पर सुकान्त फिर ऊपर तो नहीं गया तेजी से बाहर निकल गया था। सिधे बालाजी बगीचे में आकार कोने की बेंच पर उद्विग्न मन बैठ गया। बगीचे की शीतल मन्द समार से धीरे-धीरे मन शान्त हुआ, दिमाग ठंडा हुआ। उसे अब लगा, उसने अपनी अम्मा को 'बहू के पीछे मत पड़ा करो।' नाहक कह दिया। अम्मा तो, उसकी अम्मा है। बाबूजी के न रहने पर उन्होंने ही बड़े कष्टों से पाल पोस कर बड़ा किया है। वह दूध नहीं पीता था तो अम्मा उसे कितना मनाती थी कहती थी बड़े लाढ़ से गोद में बिठा कर-सुकू! तू तो मेरा बेटा है, बेटा नहीं राजा बेटा है। दूध पीले राजा बेटा! तुम्हें ताकत आएगी । मामूल! दूध ताकत देता है। वह कहता ''अम्मा ! मुझे दूध में हीक आती है ।'' अम्मा उसके सिर पर स्नेह से हाथ फेरती, कहती -''तू तो मेरा राजा बेटा है न। मेरा कहना मानता है न ! ले मैं पिलाती हूँ तो एकदम घट से पीले । हीक वीक भाग जाएगी और वह फिर तुरन्त एक एक घूँट में दूध पी लेता था। और आज उसने जाने कैसे अम्मा को कह दिया कि ....। नहीं ! नहीं वह अभी तुरन्त घर जाकर अम्मा के चरण स्वर्श कर क्षमा मांगेगा। दयामयी अम्मा उसे निश्चित गले लगाकर क्षमा कर देंगी। वह घर आया तो उसने देखा अम्मा अब पूजा घर में ऑखे मूंदे चुपचाप बैठी है। उसकी आहट पा उसे देखते ही बोल उठी- तू कहॉ चला गया था सुकान्त ! मैं तुम्हे ढूँढने ऊपर गई थी। बहू सोई हुई थी, तो मैंने उसे उठाया नहीं । मैं भी कैसी अम्मा हूँ सुकू! जाने मुझे कैसे गुस्सा आ गया और तुझे क्या - क्या कह बैठी । तुझे सेवई अच्छी लगती है न ! मैनें तेरे लिए काजू किसमिस और इलायची डाल कर खास सेवई बनाईहै आ, मेरे पास बैठ मैं अपने हाथों तुझे खिलाती हूँ सुकानत यह सब सुनते ही एक दम भरभरा गया। उनके पैर छूकर अवरूद्ध कंठ से बोला -''मुझे क्षमा करना अम्मा ! मैं आवेश में आकर तुम्हे क्या-क्या कह बैठा दरअसल मनोरमा क्रोधी स्वभाव की है अम्मा! तुम तो खुद जानती हो । इसी कारण में डरते रहता हूँ कि कहीं वह क्रोधी के वशीभूत हो कुछ कर न बैठे। इसीलिए मैं उससे कुछ कहता नहीं। बात को बतंगड़ नहीं बल्कि बात बनाना की कोशिश किया करता हूँ । मैं पत्नी का गुलाम नहीं, मैं तो तुम्हारा .....। मालती की आंखे डबडबा गई। सुकान्त को गले लगाती हई बोलीं - ''मैं सब समझती हूँ सुकू ! तुम तो मेरे राजा बेटा हो।



**गिरिश बख्शी**
बालाजी मंदिर के पास
स्टेशनपारा राजनांदगांव

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। बिजनेस में आज आप बढ़िया लाभ कमायेंगे, घर में खुशहाली आएगी। दाम्पत्य जीवन में चल रही किसी समस्या का आज समाधान होगा , परिवार का माहौल अच्छा होगा। आज आपको किसी बड़ी कम्पनी से नौकरी का ऑफर आएगा, जिससे आपकी आर्थिक समस्या दूर होगी।

**वृष राशि** — आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको घर के बडों से राय मिलेगी, जिससे किसी काम को पूरा करने में आसानी होगी। आज इस राशि के छात्रों को टीचर का भरपूर सहयोग मिलेगा, किसी प्रोजेक्ट को कम्पलीट करने में आसानी होगी। आज आपका मन रचनात्मक कार्यों में थोड़ा ज्यादा लगेगा।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आप किसी नए काम की योजना बनायेंगे और जल्द ही उस पर काम शुरू करेंगे। आज आपको पारिवारिक उलझन का समाधान मिलने से, मन में प्रसन्नता होगी। आज नौकरी में आ रही रुकावटे ख़त्म होंगी, आपको किसी मल्टीनेशनल कम्पनी से जॉब का ऑफर आएगा।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको तरक्की के नए अवसर प्राप्त होंगे, जिसका लाभ उठा कर आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। इस राशि के अविवाहित व्यक्तियों को जल्द ही, विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं। आज बच्चे आपसे अपने मन की बात शेयर कर सकते हैं।

**सिंह** — आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आप किसी मामले को शांति से सुलझाने का प्रयास करें , तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप किसी आयोजन का हिस्सा बनेंगे, जहां आपको नए व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा। इस राशि के फील्ड से जुड़े व्यक्तियों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आपके साथ काफी लोग जुड़ेंगे।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा , साथ ही आपके सपने पूरे होने की उम्मीद है। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने का मन बना सकते हैं और उन्हें कुछ उपहार भी देंगे। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी, आप उनमें बढ़ - चढ़ हिस्सा लेंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहेगा। आज आप उन कार्यों को महत्व देंगे, जिनसे आपको खुशी और लाभ दोनों मिल सकें। आज आपके जीवन में तटस्थता और स्पष्टता बनी रहेगी, जिसका दूसरों पर अच्छा प्रभाव पड़ेगा। आज आपको पुरानी दोस्ती का बड़ा लाभ होगा, आप साथ मिलकर एक नयी शुरुआत कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए मिली - जुली प्रतिक्रिया देने वाला होगा। आज आप अपनी भावनाओं को कण्ट्रोल करने का प्रयास करें, साथ ही दूसरे व्यक्तियों की भी भावनाओं का सम्मान करें। आज किसी काम को करते समय आपकी काबिलीयत निखर कर आएगी। सीनियर आपकी तारीफ करेंगे।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आप किसी काम को पूरा करने के लिए बड़े भाई की मदद ले सकते हैं। जिससे काम सही समय पर और बेहतरीन तरीके से पूरा होगा। आज आपको राजनीति से जुड़कर कुछ बड़ा करने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही समाज में आपकी छवि अच्छी बनेगी।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके अधिकतर काम सफल होंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे, जिससे उसका जीवन सहज हो जायेगा। आज आप बच्चों के भविष्य के लिए कुछ बड़े फैसले ले सकते हैं।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका मन अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा, आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा। आज आप शांतिपूर्ण तरीके के साथ किसी काम को सम्पन्न करेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आज आपको जीवनसाथी से उपहार की प्राप्ति होगी।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए पहले की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है। आज आपका स्वभाव सभी को पसंद आएगा और आपके काम की सराहना होगी। आज आपकी रुचि साहित्य में रहेगी , आप कुछ नया लिखने का प्रयास करेंगे, जिसकी बहुत प्रशंसा होगी। आज किसी बड़े मंच पर परफॉर्म करने का मौका मिलेगा।

# 5.25 लाख दीपकों की जगमगाहट से आलोकित हुआ, छिंदारी बांध में दिखा जनभागीदारी का अभूतपूर्व नजारा

खैरागढ़ (दावा)। 'स्वच्छता ही सेवा-2025' अभियान के अंतर्गत खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में स्वच्छता, सामूहिकता और जनभागीदारी का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम छुईखदान विकासखंड स्थित छिंदारी बांध परिसर में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हजारों नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, छात्र-छात्राओं और स्वच्छता दीदियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, सांसद प्रतिनिधि खम्मन ताम्रकार, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल, जिला पंचायत सभापति ललित चोपड़ा, बिशेसर साहू, घम्मन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे जिलेभर में एक साथ आयोजित सफाई अभियान से हुई, जो 9 बजे तक चला। नदियों, तालाबों, घाटों और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई। नगरों में वार्डवार श्रमदान हुआ तो गांवों में युवा, महिलाएं और बच्चे तक सक्रिय रहे। कई स्थानों पर पौधारोपण भी किया गया। जिससे स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज तक पहुंचा। छिंदारी बांध परिसर में उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर श्रमदान किया और स्वच्छता की शपथ लेकर इसे जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।



**'स्वच्छता ही सेवा-2025' महाअभियान ने रचा कीर्तिमान, सुबह श्रमदान से शाम को दीपोत्सव तक दिखा उत्साह**

शाम 4 से 6 बजे तक जिलेभर में स्वच्छता रंगोली प्रतियोगिता आयोजित हुई। लोगों ने अपने घरों, आंगनों और द्वारों को आकर्षक रंगोलियों से सजाया। हर रंगोली में स्वच्छता और सामाजिक संदेश उभरकर सामने आया। गांव-गांव और कस्बों की गलियां रंग और रोशनी से जगमगाती रहीं और पूरा माहौल उत्सव जैसा हो गया।

### दीपोत्सव की जगमगाहट ने रचा नया इतिहास

शाम 6 बजे से स्वच्छता दीपोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसने जिले में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में 500, नगरीय निकायों में 5,000 और प्रत्येक घर में 20 दीपक प्रज्वलित किए गए। जिला स्तरीय आयोजन में छिंदारी बांध परिसर 5,000 दीपकों की अद्भुत जगमगाहट से आलोकित हो उठा। अनुमान के अनुसार जिले के लगभग 80,000 घरों में 4,00,000 दीपक, ग्राम पंचायतों में 1,10,500 दीपक, नगरीय निकायों में 10,000 दीपक और जिला स्तरीय आयोजन में 5,000 दीपकों सहित कुल 5,25,500 दीपक एक ही दिन में जलाए गए। स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों और दुकानों में भी दीपक जलाकर वातावरण को प्रकाशमय किया गया। आयोजन में उपस्थित नागरिकों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि वे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को प्राथमिकता देंगे। दीपोत्सव और रंगोली ने जिले में एकता, सहयोग और सहभागिता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया। इस आयोजन ने साबित किया कि जब समाज एक साथ खड़ा हो तो कोई भी बड़ा लक्ष्य सहज ही प्राप्त किया जा सकता है।

# आबकारी विभाग के कर्मचारियों पर रिश्वतखोरी और धमकाने का गंभीर आरोप




अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी के ग्राम छुरिया डोंगरी (वासड़ी) निवासी टेमलाल निषाद ने आबकारी विभाग के कर्मचारियों पर रिश्वतखोरी और धमकाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में टेमलाल निषाद ने भाजपा जिला अध्यक्ष दिलीप वर्मा और आबकारी जिला अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी है। शिकायत में टेमलाल निषाद ने बताया कि सोमवार को 6 से 7 लोग उनके घर पहुंचे। उस समय वह घर पर मौजूद नहीं थे। परिवार से फोन पर जानकारी मिलने पर जब वह घर पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने स्वयं को आबकारी विभाग का कर्मचारी बताया और उन पर अवैध शराब बेचने का आरोप लगाते हुए जेल भेजने की धमकी दी।

**ग्रामीण ने बीजेपी जिलाध्यक्ष और आबकारी अधिकारी को सौंपी लिखित शिकायत, एक लाख रुपए की मांग का दावा**

श्री निषाद के अनुसार उनसे डेढ़ लाख रुपए की मांग की गई। पैसे न होने पर उन्होंने तत्काल दस हजार रुपए दिए। अगले दिन चौकी पहुंचकर उन्होंने बीस हजार और गुरुवार को फिर दस हजार रुपए दिए। इसके बाद भी आरोपित कर्मचारी द्वारा फोन कर पचास हजार रुपए की अतिरिक्त मांग की जा रही है। ग्रामीण टेमलाल निषाद ने बताया कि लगातार धमकी और पैसों की मांग से वह बेहद परेशान हैं। अब उन्होंने पूरे मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से की है ताकि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। मामले को लेकर गांव में चर्चा का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आरोप सही हैं तो यह आम लोगों के साथ सीधा अन्याय है और इसकी जांच आवश्यक है।

## पहला कॉलम...

### गौवंश को राज्य-माता का दर्जा देने कलेक्ट्रेट पहुंचे सैकड़ों गौ-सेवक, सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ में गौवंश को संवैधानिक रूप से राज्य-माता घोषित करने और अलग गौ मंत्रालय की स्थापना की मांग को लेकर गुरुवार को सैकड़ों गौसेवक व गो-प्रेमी सहित सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस आंदोलन का नेतृत्व स्वामी ज्योतिर्मयानंद डंडी स्वामी ने किया। जयस्तंभ चौक से रैली निकालकर पहुंचे गौसेवक गौ माता को राज्यमाता घोषित करो गौ-हत्या बंद करो और गौ हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल अन्य कार्यक्रम में व्यस्त थे। जिससे पहले आंदोलनकारियों को एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपने का आग्रह किया गया, लेकिन वे कलेक्टर से ही मुलाकात पर अड़े रहे। करीब आधे घंटे नारेबाजी के बाद वे कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को ज्ञापन सौंपा गया।

गौवंश को राज्यमाता का दर्जा और अलग गौ मंत्रालय की स्थापना। गौ हत्या व तस्करी पर मृत्युदंड तक का प्रावधान। पशु, मवेशी जैसे संबोधनों को दंडनीय अपराध घोषित किया जाए। सड़कों पर भटकते गौवंश की पुनर्स्थापना और पारदर्शी खरीद-नीति। प्रत्येक 10 गांवों के समूह में बड़े गौ अभ्यारण्य गोधाम का निर्माण। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और उत्पादों का उचित मूल्य। हर जिले में निगरानी कमेटी और 50 मील पर 24म7 गौ-चिकित्सालय। गौ-संबंधित यौन शोषण को मानवों जैसी कानूनी सुरक्षा। उपेक्षा का आरोप और आंदोलन की चेतावनी गौसेवकों ने आरोप लगाया कि 1 से 31 अगस्त तक मुख्यमंत्री को 5 लाख से अधिक पत्र भेजे गए लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि 1 सितंबर तक मांगें पूरी नहीं हुई तो राज्यव्यापी बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल चंद्रवाल ने आंदोलनकारियों से चर्चा कर आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों को सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

### हायर सेकेंडरी स्कूल ढारा में सेवा पखवाड़ा के तहत पीएम मोदी की डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई



डोंगरगढ़/ढारा (दावा)। हायर सेकेंडरी स्कूल ढारा में आज सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एक विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन और कार्यों पर आधारित एक डॉक्युमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म प्रदर्शन के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी और मार्गदर्शन दिया गया। इस सत्र में उन्हें व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार और बीमारियों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा के जिला सहसंयोजक जैन कुमार मेश्राम, महामंत्री रवि यादव, मनीष सोनी, हेमकुमार साहू, अनिल वर्मा, रोशन वर्मा, भागचंद वर्मा, धुरसिंह धनकर, दीपक ठाकुर सहित स्कूल के स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# गैर शैक्षणिक कार्यो एवं बच्चों की शिक्षा प्रभावित को लेकर संकुल समन्वयकों का सामूहिक इस्तीफा

छुरिया (दावा)। नित्य नये आदेशों का पालन कराने और बच्चों की शिक्षा को प्रभावित करने को लेकर विकासखण्ड छुरिया के 43 संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने बैठक आहूत कर सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। गैर शिक्षकीय कार्यों में लगाने एवं शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने से आहत संकुल समन्वयकों ने जिला शिक्षा अधिकारी को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी छुरिया के माध्यम प्रतिनिधित्व में विकासखण्ड स्रोत समन्वयक को सामूहिक इस्तीफा सौंपा है।

विकासखण्ड के 43 संकुलों के शैक्षिक समन्वयकों ने इस्तीफे में साफ कहा है कि गैर शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त रहने के कारण वे अपने मूल दायित्वों (शैक्षिक गुणवत्ता सुधार) का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। जिससे बच्चों की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हो रही है। संकुल समन्वयकों ने बढ़ते गैर-शैक्षणिक कार्यों का विवरण देते हुए कहा कि प्रशासनिक और राजस्व संबंधी कार्यों जिनमें जिला कलेक्टर के आदेशानुसार गिदावरी सत्यापन जैसे कार्य अनिवार्य रूप से करने पड़ रहे है। इसके अलावा अनुविभागीय अधिकारी के निर्देश पर सेवा शिविरों में जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र निर्माण



**विकासखण्ड के 43 संकुल समन्वयकों ने जिला शिक्षा अधिकारी के नाम सौंपा इस्तीफा**

कार्यों में ड्यूटी करना, साथ ही दस्तावेजों की आवाजाही उच्च कार्योलयों द्वारा प्रतिदिन 4 से 5 तरह की जानकारी मांगा जाना, जिसके चलते इन कार्यो की हार्डकापी पहुंचाने के लिए समन्वयकों को सप्ताह में कम से कम दो बार विकासखण्ड मुख्यालय तक लंबी यात्रा करनी पड़ती है। कई संकुल केन्द्रों से विकासखण्ड मुख्यालय की दूरी 50 किलोमीटर से भी अधिक है। जिससे उनका पूरा दिन केवल यात्रा करने और फाइलिंग कार्यों में नष्ट हो जाता है। सभी समन्वयकों का कहना है कि बार-बार प्रशासनिक कार्यों में लगाए जाने से संकुल क्षेत्र के शालाओं में अकादमिक निगरानी और शिक्षकों को आवश्यक सहयोग देने का उनका मुख्य कार्य पूरी तरह उपेक्षित हो रहा है। जिसके कारण विद्यार्थियों की शिक्षा को नुकसान पहुंच रहा है। इन्ही कारणों को लेकर 43 संकुलों के संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है।

सामूहिक रूप से इस्तीफा सौंपने वाले समन्वयकों में ब्लॉक अध्यक्ष भूषण वाडेकर, उपाध्यक्ष आनंद खंडेलवाल, टोमन साहू, सचिव आनंद निषाद, विनोद यदु, मीडिया प्रभारी सुरेश साहू, शैलेन्द्र बोरकर, रूपेश ठाकुर, श्यामचरण साहू, लोकेश कुमार साहू, जितेंद्र मोटघरे, शंभूराम साहू, लालसिंग साहू, सुनील देवांगन, मोहित साहू, प्रतुल कुमार वैष्णव, उत्तम लाल साहू, प्रदीप कुमार टांडेकर, वेदराम पटेल, सुरेंद्र कुमार घावड़े, मूलचंद मंडावी, राजेन्द्र कुमार लाड़ेकर, महेश राम देहारी, मोहित यादव, मूलचंद साहू, टोमेश टेकाम, नरेन्द्र कुमार ठाकुर, संतुराम चौरे, रामप्रसाद लाड़े, सूरज द्विवेदी, यशवंत नेताम आदि शामिल है।

# रेलवे मंडल नागपुर के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा



डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मंडल नागपुर के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे हाईस्कूल डोंगरगढ़ द्वारा रेलवे स्टेशन बुकिंग ऑफिस परिसर व रेलवे स्टेशन मेला ग्राउंड परिसर पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया।

जिसमें स्वच्छता पर विशेष संदेश बच्चों के द्वारा दिया गया। बच्चों के इस कार्यक्रम को सभी दर्शकों, दर्शनार्थियों ने काफी पसंद किया। दिनांक 25 सितंबर को नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया था। दिनांक 27 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य व सभी शिक्षकगण व रेलवे के अधिकारी उपस्थित थे।

# कुतुलबोड़ भाठागांव में स्वच्छता ही सेवा महाअभियान, श्रमदान से चमका गांव



राजनांदगांव (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत डोंगरगांव के ग्राम कुतुलबोड़ भाठागांव में एक दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं एवं ग्रामीणों ने सामूहिक स्वच्छता अभियान चलाते हुए एक दिन-एक साथ-एक घण्टा श्रमदान के संकल्प के साथ ग्राम के विभिन्न स्थलों की साफ-सफाई की। कार्यक्रम में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन गतिविधियां, सिंगल-यूज प्लास्टिक मुक्त गांव, पौधरोपण तथा स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं ग्रामीणों द्वारा मानव श्रृंखला और जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विभा साहू ने कहा कि राजनांदगांव जिले की सशक्त पहचान बनाने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत को स्वच्छता की मिसाल बनाना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर जनभागीदारी से ही ग्राम को स्वच्छ रखा जा सकता है।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव जिले को स्वच्छता में अग्रणी जिला बनाने के लिए ग्रामीणों से अपने घर एवं आस-पास नियमित साफ-सफाई की आदत बनाने, समय पर निर्धारित स्वच्छता शुल्क जमा करने तथा गांवों में स्वच्छता नवाचारों को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पंचायत प्रतिनिधियों, महिला स्वसहायता समूहों एवं विद्यालयों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर जनपद पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष तथा जनपद पंचायत सदस्य सहित जिला पंचायत से सोमनाथ साहू, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) डॉ. छोटे लाल साहू, यूनिसेफ से बसंत मार्कण्डेय एवं जनपद पंचायत डोंगरगांव के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# मां संतोषी आस्था का केंद्र बना भव्य पंडाल, तुरकारीपारा में 30 वर्षों से विराजित होती है मां संतोषी



खैरागढ़ (दावा)। पूरे शहर में इन दिनों शारदेय नवरात्र की धूम मची हुई है। जगह-जगह भव्य पंडालों में मां आदिशक्ति विभिन्न रूपों में विराजित हैं और प्रतिदिन नगर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में भक्त दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। 30 वर्षो से तुरकारीपारा की महिलाएं गृहस्थ जीवन के खर्च से बचाई गई राशि को इकट्ठा कर मां संतोषी की स्थापना करती है। इसी क्रम में नगर के वार्ड नंबर 8 तुरकारीपारा एसपी नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य पंडाल में मां संतोषी की स्थापना की गई है।

**संगीत नगरी में शारदेय नवरात्र की धूम, जगह-जगह विराजित हैं मां आदिशक्ति**

समिति के सदस्य डॉ. अरुण भारद्वाज ने बताया कि बीते 30 वर्षों से यहां की महिलाएं अपने घर खर्च से बचाई गई राशि को इकट्ठा कर मां संतोषी की स्थापना करती हैं। खास बात यह है कि नवरात्र के दौरान मोहल्ले के सभी घरों में खट्टी चीजें वर्जित रहती हैं और पूरे साल हर शुक्रवार को संतोषी माता के व्रत पर कोई भी खट्टे का सेवन नहीं करता है।

0 प्रतिनिधि भंडारे का आयोजन, श्रध्दालुओं के सुविधा के लिए

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतिदिन समिति और सेवाभावी लोगों द्वारा भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पंडाल में थाली सजाओं प्रतियोगिता आयोजित हुई।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रानी विभा सिंह, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन और पार्षद अजय जैन उपस्थित रहे। मोहल्ले की महिलाओं ने आकर्षक थालियां सजाई और विजेताओं को अतिथियों द्वारा नकद राशि व प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। आज कल मंदिरों की आरती में भीड़ कम होती जा रही है। उस दौर में पंडाल में उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़ अपने आप में प्रेरणादायी है। सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा कि पूरे जिले में यह एकमात्र पंडाल है। जहां 30 वर्षों से निरंतर मां संतोषी की स्थापना हो रही है। उन्होंने कहा आज जब मंदिरों की आरती में भीड़ कम होती जा रही है। उस दौर में इस पंडाल में उमड़ती श्रद्धालुओं की भीड़ अपने आप में प्रेरणादायी है।

# शासकीय महाविद्यालय गंडई में 'स्वच्छता पखवाड़ा' का सफल आयोजन, हर सप्ताह मनाया जाएगा स्वच्छता दिवस



गंडई (दावा)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के स्वप्न को साकार करने और स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने के उद्देश्य से शासकीय महाविद्यालय गंडई में 26 सितंबर को स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य डॉ. डीपी कुर्रे ने इस अवसर पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि, स्वच्छता पखवाड़ा केवल 15 दिनों का अभियान नहीं है, बल्कि यह स्वच्छ और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण की दिशा में एक सामूहिक प्रतिज्ञा है। हमारे अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और हितधारकों ने इस अभियान को एक जन-आंदोलन का रूप दिया है।

**राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से 50 से अधिक पौधे लगाए गए, प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने पर जोर**

### व्यापक स्तर पर आयोजित हुई गतिविधियां

पखवाड़े के दौरान महाविद्यालय में व्यापक स्तर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और छात्र समुदाय की सक्रिय भागीदारी रही।

1. स्वच्छता शपथ : सभी ने परिसर और आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

2. विशेष श्रमदान अभियान : महाविद्यालय परिसर के अंदर और आस-पास के क्षेत्रों में गहन सफाई (श्रमदान) की गई। जिसमें कार्यालयों, गलियारों, कैंटीन और गार्डन की सफाई शामिल थी।

### जागरूकता कार्यक्रम

सिंगल-यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। अपशिष्ट प्रबंधन और कचरे को अलग करने के महत्व पर कार्यशालाएं हुई। स्वच्छता के महत्व पर पोस्टर और नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पखवाड़े के दौरान वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जिसके तहत परिसर में 50 से अधिक पौधे लगाकर हरियाली को बढ़ावा दिया गया।

### भविष्य की योजना : हर शुक्रवार-शनिवार स्वच्छता दिवस

प्राचार्य डॉ. कुर्रे ने घोषणा की कि स्वच्छता के प्रयासों को स्थायी बनाए रखने के लिए यह गति आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अब प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार व शनिवार को 'स्वच्छता दिवस' मनाया जाएगा। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी पी.के. अमिला ने सभी प्रतिभागियों के समर्पण के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और मीडिया के माध्यम से सभी नागरिकों से स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपील की।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में राजभाषा सम्मेलन एवं हिंदी परिचर्चा के साथ हिंदी पखवाड़े का समापन

खैरागढ़ (दावा)। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ में 26 सितंबर को हिंदी पखवाड़ा का समापन हुआ। इस अवसर पर राजभाषा सम्मेलन सह ऑनलाईन हिंदी परिचर्चा का भी आयोजन किया गया। कामकाज और अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम हिंदी भाषा विषय पर आयोजित इस परिचर्चा में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति राजनांदगांव के केंद्र सरकार के कार्यालय के अधिकारियों एवं कार्मिकों तथा केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ एवं राजनांदगांव के शिक्षकों ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुनीष शर्मा, अध्यक्ष, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति एवं अग्रणी बैंक प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा राजनांदगांव, विशिष्ट अतिथि श्रीमती सुदीपा राय सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति राजनांदगांव एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष अंजय कुमार, प्रभारी प्राचार्य पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ थे।

परिचर्चा में श्रीमती सुदीपा राय, सचिव, नराकास, केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ के शिक्षकों घनश्याम गिरिया, दीपेश झारिया, सुदीप आर्य, प्रशांत घोंगड़े एवं अन्य वक्ताओं ने अपने विचार रखे। अपने प्रभावशाली उद्बोधन में मुनीष शर्मा अध्यक्ष नराकास राजनांदगांव ने कहा कि हिंदी एक ऐसी विशिष्ट भाषा है, जो न केवल हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का प्रमुख माध्यम है। बल्कि



यह कार्यालय में कामकाज के लिए भी अत्यंत सरल, सुगम और उपयोगी भाषा है। अंजय कुमार प्रभारी प्राचार्य पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय खैरागढ़ ने कहा कि कामकाज हो या अभिव्यक्ति यदि हम हिंदी को अपनाएंगे तो न केवल हमारी सांस्कृतिक पहचान सुरक्षित रहेगी, बल्कि हमारी भाषा विश्व मंच पर और अधिक सशक्त होकर उभरेगी। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षकद्वय डॉ. योगेंद्र पांडेय एवं सुश्री गीतांजली ने किया। समापन अवसर पर धन्यवाद ज्ञापन डॉ. योगेंद्र पांडेय ने किया। हिंदी पखवाड़ा में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भाषण प्रतियोगिता विद्यार्थी वर्ग कक्षा 11 में प्रथम अनुभूति श्रीवास्तव, द्वितीय ईशा वर्मा और तृतीय वीणा धुर्वे, कक्षा 9 में प्रथम मान्यता साहू, द्वितीय नेहा वर्मा एवं तृतीय खुशी सिन्हा रही। शिक्षक वर्ग ऑनलाईन सामान्य ज्ञान प्रश्नोतरी प्रथम तुषार नागदिवे, द्वितीय विनोद कुमार परते, तृतीय सुश्री ट्विंकल रही। काव्य पाठ शिक्षक वर्ग प्रथम सौरभ कुमार, द्वितीय अंबरीष शुक्ल, तृतीय दीपेश झारिया एवं श्रीमती सिमरन रही। काव्य पाठ विद्यार्थी कनिष्ठ वर्ग प्रथम गौरांग संदेश निनावे, द्वितीय अक्षत पटेल एवं रिजुल गिरिया, तृतीय ईशानी रही। विद्यार्थी वरिष्ठ वर्ग प्रथम चंचल वर्मा, द्वितीय आशिया धुर्वे एवं तृतीय हर्ष कुमार शिववंशी रहे। प्राथमिक वर्ग सुलेख प्रतियोगिता प्रथम स्वरा वर्मा, द्वितीय योग्या साहू, तृतीय गुणवंत जांगड़े रहे। चित्र वर्णन में प्रथम टूभ्या साहू, द्वितीय रुद्रप्रिया शुक्ला, तृतीय निकित कुर्रे रही। कहानी लेखन प्रथम पूर्वी जंघेल, द्वितीय दिव्यांश वर्मा एवं तृतीय रिधिमा वर्मा रहे। हिंदी पखवाड़ा में कार्यालय के कार्य में हिंदी को विशेष रूप से बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर कार्मिकों के लिए हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुस्तकालय में श्री विवेकानंद सरकार के संयोजन में राजभाषा हिंदी पुस्तक प्रचार सामग्री प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। पखवाड़ा के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रार्थना सभा में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचार्य अंजय कुमार ने पखवाड़ा अवधि में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की प्रशंसा करते हुए राजभाषा हिंदी को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयत्न करने का आह्वान किया। इस अवसर पर छात्रा ट्विंकल साहू कक्षा सातवीं 'अ' ने हिंदी भाषा पर एक कविता प्रस्तुत की।

# गुरु के बाना गीत के साथ याद किए गए नाचा के पितामह मंदराजी दाऊ

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक रंग शैली नाचा के पितामह दाऊ मंदराजी को उनकी 41वीं पुण्य तिथि पर लोक कलाकारों व कला साहित्य सुधियो द्वारा कृतज्ञता पूर्वक याद किया गया और सांगीतिक बैठकी आयोजित कर गायन-वादन के साथ उन्हें भाव-भीनी श्रद्धांजलि दी गई।

नाचा के गम्मतिहा कलाकार प्रेमलाल साव के संयोजना में कला ग्राम कन्हारपुरी में आयोजित उक्त सांगीतिक बैठकी में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक व वरिष्ठ लोक संगीतकार, कला/ साहित्य सुधि आत्माराम कोशा 'अमात्य' थे। वहीं कार्यक्रम की आभासी माध्यम से अध्यक्षता कवि/साहित्यकार व फिल्म निर्माता अखिलेश प्रसाद मिश्रा ने की। इस अवसर पर कला/साहित्य सुधि राकेश इंदूभूषण ठाकुर, कवि/कथाकार मानसिंह 'मौलिक', कवि पवन यादव 'पहुना', आनंद राम सार्वा 'अनंत' नाचा के वरिष्ठ कलाकार दाऊ चतुर सिंह, मोहरी वादक नत्थन दास, नाचा परी कलाकार छन्नूलाल साहू, विसराम साहू, तबला वादक एवं गायक महादेव हिरवानी व मनहरन साहू 'मनु', मोहन लाल, महावीर आदि लोक कलाकारों ने मंदराजी गौठान में स्थापित दाऊ मंदराजी की आवक्ष प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। साथ ही संगीत कार खुमान लाल साव की प्रतिमा पर हार-फूल चढ़ाकर उन्हें नमन किया गया।

### सांगीतिक बैठकी में कलापुष्प का अर्पण

दाऊ मंदराजी की पुण्यांजलि अवसर पर सुप्रसिद्ध रंग-कर्मी हबीब तनवीर के नाट्य ग्रुप-नया थियेटर के संगीतकार रहे स्व. देवीलाल नाग के निवास स्थान कन्हारपुरी में कलाकारों द्वारा सांगीतिक बैठकी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि कोशा जी द्वारा मंदराजी दाऊजी के साथ बिताए क्षणो व कलाकारी जीवन में दाऊजी के साथ घटी घटनाओं और उनकी सांगीतिक बैठकी आयोजन व नाचा के प्रति दाऊजी की जीवटता जिसमे खून से लथपथ हालत में रातभर हारमोनियम बजाने को शिद्दत के साथ याद किया।



सांगीतिक बैठकी आयोजित कर लोक कलाकारों व कला साहित्य सुधियों ने दी श्रद्धांजलि

कला/साहित्य सुधि राकेश इंदूभूषण ठाकुर ने दाऊ मंदराजी को महान कलाकार बताया और कहा कि उन्होंने नाचा कला के लिए दो-दो गांवों की जमीदारी फूंक दी। कवि/कथाकार मानसिंह मौलिक ने दाऊ जी को छत्तीसगढ़ी लोक कला के सच्चा सपूत बताते हुए कहा कि कन्हारपुरी की धरती निश्चित ही धन्य है जहां के स्कूल में दाऊ जी पढ़ें है। मोहन कारीगीर के यहां चिंकारा वादन व हारमोनियम सीखा और नाचा कला को नए अंदाज व नया आयाम दिया और उन्होंने यहां कला बीजों का रोपण करते हुए नाचा रंग शैली को दुनियाभर में अमर कर दिया। पवन यादव 'पहुना' ने भी वरिष्ठ कलाधर्मी श्री कोशा सहित यहां के नाचा कलाकारों से प्राप्त कला ज्ञान को अपना धरोहर बताया। वहीं कवि आनंदराम सार्वा 'अनंत' ने मंदराजी दाऊ पर सुंदर कविता पाठ कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### मरने के बाद कोई, होता नहीं किसी का

इस मौके पर दाऊ मंदराजी और उनके शिष्य रहे लोक संगीतकार स्व. देवीलाल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर सांगीतिक बैठकी की शुरुआत की गई। जिसमें नाचा कलाकार नत्थन दास व प्रेम लाल ने 70 के दशक के सुप्रसिद्ध नाचा गीत गुरु के बाना, बांध लिए बानाजी गाकर रंग जमाया। वहीं चतुर दाऊ ने मंदराजी दाऊ द्वारा प्रायः गाए जाने वाले गजल, दुनिया में क्या भरोसा, नाचीज, जिंदगी का, मरने के बाद कोई होता नहीं किसी का, गाकर दाऊजी को श्रद्धांजलि दी। इसी तरह नाचा कलाकार विसराम साहू, छन्नूलाल साहू ने जनाना परी गीत में जगज्जननी माता दुर्गा के सुमरनी गीत गाए। वहीं गायक मनहरन साहु मनु ने दाऊजी के जमाने के गीत, सास गारी देये को शिद्दत से याद करते हुए ढोलक पर संगत की। देर तक चले इस सांगीतिक बैठकी में हारमोनियम पर संगत दाऊ चतुरसिंग बजरंग, तबले पर संगत क्रमशः मोहनलाल साहू (मोखला) व महावीर साहू (सुंदरा) ने की। मंजीरे में सुर संतराम निर्मलकर ने मिलाए। इस दौरान कन्हारपुरी के वरिष्ठ नागरिक श्यामलाल बजरंग, स्व. देवीलाल की धर्म पत्नी श्रीमती श्याम बाई, सुपुत्र राजू नाग, खेमचंद हिरवानी, लीलाराम, रवेल हिरवानी, भोला निर्मलकर आदि सहित बड़ी संख्या में कलाप्रेमी व संगीत अनुरागी जन उपस्थित थे। उक्त जानकारी कवि पवन यादव पहुना ने दी।

## जोरातराई के गांधी चौक में दुर्गा उत्सव की धूम



राजनांदगांव (दावा)। जिले के ग्राम जोरातराई स्थित गांधी चौक में नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन किया गया है। पंडाल में मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की गई है। जिसके दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। समिति द्वारा प्रतिदिन आरती, भजन संध्या और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिससे पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। नवयुवक समिति के सदस्य व्यवस्था संभालने में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।

## छत्तीसगढ़ कलार समाज में 5 अक्टूबर को अधिकारी कर्मचारी सम्मान समारोह

राजनांदगांव (दावा)। जिले के अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ एवं माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति की संयुक्त वर्चुअल बैठक 24 सितम्बर को हुई जिसमें सर्वसम्मति से 5 अक्टूबर को जिले के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति बनी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अधिकारी कर्मचारियों के बौद्धिक संसाधनों का उपयोग कर शिक्षा व संस्कृतियों का विकास तथा समाज की संगठन को मजबूत करना/समाज के विकास तथा उत्थान सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करना है इस बैठक में गौकरण सिन्हा संयोजक सचिव रेशू लाल सिन्हा अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ को मंडलेश्वर के माध्यम से जानकारी करने की जिम्मेदारी दी गई है तथा माता बहादुर कलारिन सामाजिक कल्याण समिति को पदाधिकारियों को कार्यक्रम के संचालन व आयोजन की जिम्मेदारी दी गई है।

# 'राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन'



गंडई (दावा)। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत् राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस बुधवार 24 सितंबर 2025 को शासकीय महाविद्यालय गंडई में प्राचार्य डॉ.डी.पी.कुर्रे जी के मार्गदर्शन में बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन. एस. वर्मा एवं अन्य प्राध्यापकगण की उपस्थिति मे दीप प्रज्वलन एवं रा.से.यो. के ध्येय पुरुष स्वामी विवेकानंद जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया।

डॉ.एन.एस. वर्मा जी ने स्वयंसेवको को 24 सितम्बर 1969 को रा. से. यो. की स्थापना के ऐतिहासिक महत्व और इसके प्रमुख उद्देश्यो- विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और चरित्र का विकास तथा समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी-के बारे में विस्तार से संबोधित किये। पूर्व रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी जी.के. कौशिक जी ने स्वयंसेवको की संबोधित करते हुए कहा कि रा.से.यो. युवाओं को राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि ''मैं नहीं आप'' का ध्येय वाक्य हमे निस्वार्थ सेवा और सामुदायिक कल्याण के प्रति हमारी जिम्मेदारी का बोध कराती है।

गौरव जैन (सहा-प्राध्यापक) जी ने स्वयंसेवको को अनुशासन के महत्व एवं उनसे अपने स्काउटिंग के अनुभव को साझा किए। भूतपूर्व स्वयंसेवकों रामावतार साहू, थानेश्वर साहू, राधिका यादव, निरंजन साहू, मनीषा पटेल, किरण देवांगन ने विभिन्न शिविरो के दिनो के अपने अपने अनुभवों को स्वयंसेवको के साथ साझा किए। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में स्वंयसेवको के द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण, राष्ट्रीय सेवा योजना गीत, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया । इन गतिविधियों में स्वयंसेवको ने सक्रिय भागीदारी निभाई और अपने रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। इस दौरान पिछले सत् की वार्षिक गतिविधियों व शिविरों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिये स्वयंसेवको को बी व सी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# नि:शुल्क रक्तदान शिविर 20 रक्तवीरों ने किया रक्तदान



खैरागढ़ (दावा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान भवन में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा एवं स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

यह शिविर कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आशीष शर्मा और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनीष बघेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर कुल 20 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में छुईखदान की युवा संस्था के शरद वैष्णव ने विशेष सहयोग प्रदान किया। साथ ही, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए उपस्थित लोगों को हेलमेट भी वितरित किए गए।

# स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान : गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर

राजनांदगांव (दावा)। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 24, 25 एवं 26 सितंबर को स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का आयोजन किया गया है।

पहले दिवस प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाल बहादुर नगर में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुपमा अस्थाना एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तुमड़ीबोड में प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. लक्ष्मी बग्गा ने गर्भावस्था की दूसरी और तिमाही में सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का स्वाथ्य जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में गर्भवती माताओं को आवश्यक उपचार की सुविधा प्रदान की गई। इस अभियान में विशेष रूप से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान और उनके समुचित उपचार पर जोर दिया गया है।

अभियान के तहत सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला चिकित्सालय, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आवश्यक सभी तैयारियां की गई है। अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती माताओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क जांच, उपचार एवं परामर्श प्रदान करना है।

अभियान अंतर्गत उन महिलाओं की जांच की जाती है, जिनका पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन व ऊचांई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या किसी अन्य गंभीर बीमारी से ग्रसित हो। आवश्यकता अनुसार महिलाओं को सोनोग्राफी जांच कराये जाने की सलाह दी गई। जिससे गर्भवती महिलाओं की निदानिक स्थिति के अनुसार उचित देखभाल संभव हो सके। अभियान के तहत मातृ मृत्यु दर में कमी लाने और सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

# पशु मेला उत्सव एवं चिकित्सा शिविर में उत्साहित होकर शामिल हुए पशुपालक



राजनांदगांव (दावा)। पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखण्ड स्तरीय पशु मेला व प्रदर्शनी का आयोजन पशु चिकित्सालय राजनांदगांव में किया गया। इस आयोजन में उन्नत नस्ल के दुधारु गाय, उन्नत नस्ल के बछड़ा, बछिया, बैल, भैंस, उन्नत नस्ल के बकरे की प्रदर्शनी के साथ विभिन्न वर्ग के लिए प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में आसपास के पशुपालक किसानों ने भाग लिया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव शामिल हुए।

मेला प्रदर्शनी के तहत चारा प्रसंस्करण, यूरिया उपचार, साइलेज निर्माण व अजोला उत्पादन के अलग-अलग स्टाल लगाया गया था। स्टालों में जाकर किसानों व आंगतुक अतिथियों ने उनके प्रोसेस की जानकारी ली। कार्यक्रम में पहुंचे पशुओं का टीकाकरण किया गया और किसी भी बीमारी का तुरंत उपचार कराया गया। वही अन्य गंभीर बीमारी के लक्षण पाए जाने पर पशु चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी गई। इस मेला में उप संचालक डॉ. प्रतिभा भोसले, जिला पशु चिकित्सालय प्रभारी डॉ. तरुण रामटेके, डॉ. अशोक जैन, डॉ. अर्चना मिश्रा, डॉ. प्रियंका साव, डॉ. गजेंद्र यादव, बलराज सिंह चौहान, श्रीमती प्रेमलता कोसरे, शत्रुघ्न यादव, पीयूष कश्यप इंटर्नशिप के छात्र-छात्राएं एवं पशुपालक, किसान शामिल हुए।

पशु चिकित्सा विभाग के डॉ. तरुण रामटेके और डॉ. अशोक जैन के द्वारा नवीन तकनीकों, हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी, पशुपालन व्यवसाय से अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने, स्वरोजगार हेतु राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजना अंतर्गत बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि फार्म स्थापित करने संबंधी विषयों पर उन्नत व प्रगतिशील पशुपालकों को व्याख्यान दिये गये।

### पशुपालकों को बांटे गए पुरस्कार

चयन समिति के निर्णायक पदाधिकारियों ने प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिता में पशुओं के उन्नत नस्ल व उत्तम स्वास्थ्य के आधार पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आने वाले पशुपालकों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। दुधारु गाय वर्ग से गिरधर यादव, संदीप यादव पुरुस्कृत हुए। बछिया वर्ग से जसवंत साहू, जितेन साहू, झांसी साहू को पुरस्कृत किया गया। इसी तरह बकरी और भेड़ पालन के लिए अन्य 6 किसानों को प्रशस्ति पत्र के साथ टिकेश कुमार यादव, मुजीब बिलाल, आशीष देशलहरे को पुरस्कार प्रदान किया गया।

# दिग्विजय महाविद्यालय रासेयो इकाई को राज्य का सर्वश्रेष्ठ संस्था पुरस्कार



राजयोग की साधना का अद्भुत प्रदर्शन

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है। महाविद्यालय की रासेयो इकाई को वर्ष 2024-25 के लिए राज्य स्तरीय सर्वश्रेष्ठ संस्था पुरस्कार से नवाज़ा गया। यह सम्मान संस्था को समाजसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, साक्षरता अभियान, रक्तदान शिविर, जनजागरूकता रैलियों तथा विविध रचनात्मक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रहे। जिन्होंने अपने करकमलों से यह पुरस्कार महाविद्यालय को प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टंकराम वर्मा, मंत्री (उच्च शिक्षा विभाग, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, संसदीय कार्य), छत्तीसगढ़ शासन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. टोपलाल वर्मा (वरिष्ठ प्राध्यापक) एवं डॉ. अशोक कुमार श्रोती, उपकार्यक्रम सलाहकार एवं रासेयो क्षेत्रीय निर्देशक, भोपाल (मप्र एवं छग) उपस्थित रहे। इस गरिमामयी समारोह में राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता बाजपेई (उच्च शिक्षा विभाग), रासेयो कार्यक्रम समन्वयक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग के जैनेंद्र दिवान एवं जिला संगठक सुश्री मोनिका दास वैष्णव ने भी सहभागिता दी और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय की इस उपलब्धि को पूरे जिले के लिए गौरवपूर्ण बताया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि दिग्विजय महाविद्यालय रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि और प्रो. करुणा रावटे एवं समस्त स्वयंसेवकों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और सामाजिक दायित्वबोध का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि इस सम्मान से आने वाले समय में स्वयंसेवकों को और अधिक ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। रासेयो इकाई के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. संजय सप्तर्षि एवं प्रो. करुणा रावटे ने कहा कि स्वयंसेवियों ने बीते वर्षों में जनजागरण, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, सड़क सुरक्षा जागरूकता जैसे कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाई। इसी निरंतर योगदान का प्रतिफल यह पुरस्कार है। उन्होंने स्वयंसेवियों के योगदान की सराहना करते हुए इसे महाविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**पीएम नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा को दी 60,000....**

देते हैं। पीएम मोदी ने कहा, भाजपा को संकल्प देश को आत्मनिर्भर बनाना है, हम चाहते है कि भारत चिप से लेकर जहाज़ों तक, हर चीज़ में आत्मनिर्भर बने। अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और उनकी सरकार को लूटतंत्र की सरकार बताया। उन्होंने कहा, 2014 में जब आपने हमें सेवा का अवसर दिया, तो हमने देश को इस कांग्रेस के लूटतंत्र से बाहर निकाला। अब भाजपा सरकार में दोगुनी बचत और दोगुनी कमाई का दौर आ गया है। जब कांग्रेस सत्ता में थी, तो हमारे कर्मचारियों, व्यापारियों और कारोबारियों को 2 लाख रुपये तक की वार्षिक कमाई पर भी आयकर देना पड़ता था, लेकिन आज उन्हें 12 लाख रुपये तक की वार्षिक कमाई पर एक रुपया भी टैक्स नहीं देना पड़ता है। जनसभा को संबोधित करने के बाद पीएम मोदी ने एक रोड शो में भी हिस्सा लिया जहां भारी संख्या में लोग पहुंचे।

**एक्टर विजय की रैली में भगदड़....**

हैं। सीएम ने यह भी बताया कि उन्होंने पड़ोसी तिरुचिरापल्ली जिले के मंत्री को भी आवश्यक सहायता युद्धस्तर पर प्रदान करने का आदेश दिया है। इसके अलावा, एडीजीपी को हालात नियंत्रण में लाने के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने जनता से अपील की है कि वे डॉक्टरों और पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करें।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ से होकर.....**

रायगड़ा, विजयनगरम और पालासा समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर स्टॉपेज रहेगा। इस गाड़ी के वाणिज्यिक ठहराव बारडोली, व्यारा, नवापुर, नंदुरबार, डोंडिचा, सिंधखेड़ा, अमलनेर, धारंगांव, जलगांव, भुसावल, मलकापुर, अकोला, बड़नेरा, वर्धा, नागपुर, गोंदिया, रायपुर, लक्ष्मण, खरियार रोड, कांटाभांजी, टिटलागढ़, केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायरंगपुर, पार्वतीपुरम, बोबीली, विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड तथा पलासा स्टेशनों पर दिए गए हैं।

0 पांच अक्टूबर 2025 नियमित चलेगी

ये ट्रेन नियमित रूप से पांच अक्टूबर 2025 से उधना से और 6 अक्टूबर 2025 से ब्रम्हपुर से चलेगी। 19021 उधना-ब्रम्हपुर अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक रविवार को प्रातः 07.10 बजे उधना से प्रस्थान कर अगले दिन दोपहर 13.55 बजे ब्रम्हपुर पहुंचेगी। यह गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के गोंदिया स्टेशन पर आगमन रात्रि 21.40 बजे प्रस्थान 21.45 बजे, दुर्ग स्टेशन पर आगमन रात्रि 23.53 बजे प्रस्थान 23.58 बजे तथा रायपुर स्टेशन पर आगमन मध्य रात्रि 00.35 बजे प्रस्थान 00.45 बजे होते हुए गंतव्य को प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार 19022 ब्रम्हपुर-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस प्रत्येक सोमवार को रात्रि 23.45 बजे ब्रम्हपुर से प्रस्थान कर तीसरे दिन प्रातः 08.45 बजे उधना पहुँचेगी। यह गाड़ी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर स्टेशन पर आगमन दोपहर 14.55 बजे प्रस्थान 15.05 बजे, दुर्ग स्टेशन पर आगमन 15.50 बजे प्रस्थान 15.55 बजे तथा गोंदिया स्टेशन पर आगमना 17.55 बजे प्रस्थान 18.00 बजे होते हुए गंतव्य को जाएगी।

**भारत के लिए नए रास्ते की तलाश?.....**

इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी और स्थिरता के क्षेत्र में साझेदारी के नए अवसर तलाशना भी है। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी अपनी यात्रा के दौरान ब्राजील और कोलंबिया में विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ संवाद करेंगे। इसके अलावा, व्यापारिक नेताओं से मुलाकात कर अमेरिकी टैरिफ के मौजूदा दौर में भारत के लिए व्यापार की नई संभावनाएं तलाशने पर भी चर्चा करेंगे। पार्टी का कहना है कि यह यात्रा भारत के लोकतांत्रिक विपक्ष की वैश्विक साझेदारी को आकार देने और भारत की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हालांकि, कांग्रेस की ओर से अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि राहुल गांधी किन चार देशों की यात्रा पर हैं और यह दौरा कितने दिनों तक चलेगा।

**जुबीन गर्ग मौत: आयोजक-मैनेजर पर...**

के नाम भी समन जारी किए हैं और इन्हें 6 अक्टूबर को गुवाहाटी में हाजिर होने को कहा है. सीएम ने बताया कि सिंगापुर में भारतीय एंबेसी के जरिए इन लोगों को समन जारी किए गए हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक सिटिंज जज की अध्यक्षता में न्यायिक आयोग गठित करने के लिए गुवाहाटी हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखा है. सीएम ने ये भी कहा कि मैंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कहा है कि जिस दिन ऐसा लगेगा कि असम पुलिस जुबीन गर्ग मामले की उचित जांच नहीं कर पा रही है, हम मामला सीबीआई को सौंप देंगे. जुबीन गर्ग की 19 सितंबर को सिंगापुर में समुद्र में डूबने से संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी. असम सीआईडी इस मामले की जांच कर रही है.

**डीजीपी बोले- सोनम वांगचुक पर पाकिस्तानी.......**

पाकिस्तान भेज रहा था। पुलिस प्रमुख ने वांगचुक की कुछ विदेश यात्राओं को भी संदिग्ध बताया। वांगचुक ने पाकिस्तान के एक मीडिया हाउस द डॉन के कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और बांग्लादेश की यात्रा भी की थी। डीजीपी ने कहा कि वांगचुक लेह एपेक्स बॉडी और करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस की ओर से चल रहे राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची की मांग को लेकर आंदोलन का चेहरा बने थे, लेकिन उन्होंने संवाद प्रक्रिया को पटरी से उतारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार और लद्दाख प्रतिनिधियों के बीच 25 सितंबर को एक अनौपचारिक बैठक प्रस्तावित थी, लेकिन वांगचुक ने उसी दिन भड़काऊ वीडियो और बयान जारी कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की, जिसका नतीजा हिंसक झड़पों के रूप में सामने आया। एलजी कविंद्र गुप्ता के विदेशी साजिश के बयान का समर्थन करते हुए डीजीपी ने कहा कि तीन नेपाली नागरिकों को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है, और अन्य संदिग्ध विदेशी नागरिकों की भूमिका भी सामने आ रही है।

**छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का रजत जयंती....**

सामर्थ्यवान लोगों के लिए ही उपलब्ध नहीं हो बल्कि गांव गरीब एवं आमजनों के लिए भी सर्व सुलभ न्याय उपलब्ध हो तभी इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका की भूमिका सार्थक बनेगी। राज्यपाल डेका ने कहा कि हम उन दूरदर्शी व्यक्तित्वों और संस्थापकों को कृतज्ञतापूर्वक नमन करते हैं, जिन्होंने इस न्यायालय की नींव रखी। प्रथम मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति डब्ल्यू.ए. शिशक और उनके उत्तराधिकारियों ने इस नवगठित न्यायालय को गरिमा, विश्वसनीयता और सशक्त न्यायिक परंपरा प्रदान की। इसी प्रकार अधिवक्ताओं, न्यायालय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की निष्ठा और परिश्रम ने इस संस्था को पच्चीस वर्षों तक सुदृढ़ बनाए रखा। इन वर्षों में न्यायालय ने संवैधानिक नैतिकता, नागरिक स्वतंत्रता, आदिवासी अधिकार, पर्यावरण संरक्षण, सुशासन और सामाजिक न्याय जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर निर्णय दिए। इसने छत्तीसगढ़ की विशिष्ट पहचान उसके जंगल, खनिज, संस्कृति और वंचित समुदायों के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया। विकास और अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करते हुए इसने यह सुनिश्चित किया कि प्रगति कभी भी न्याय की कीमत पर न हो।

**चीन-पाक सीमा पर तैनात होगा.....**

सेना की एयर डिफेंस विंग पहले से ही MR-SAM, आकाश और छोटे सिस्टम चला रही है. यह वायुसेना के साथ मिलकर काम करती है. यह सिस्टम बहुत तेज और मोबाइल है. यह चलते-फिरते टारगेट को खोज और ट्रैक कर सकता है. छोटे रुकावट पर ही मिसाइल दाग सकता है. इसकी रेंज करीब 30 किलोमीटर है. यह MR-SAM और आकाश जैसे मौजूदा सिस्टम को छोटी-मध्यम दूरी में पूरक बनेगा. ट्रायल्स में इसकी क्षमता दिन-रात के हालातों में जांच ली गई. यह छोटे ड्रोन से लेकर बड़े विमानों तक को निशाना बना सकता है. पश्चिमी (पाकिस्तान) और उत्तरी (चीन) सीमाओं पर तैनाती होगी. सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी स्वदेशी हथियारों को बढ़ावा दे रहे हैं. एयर डिफेंस को नई रडार, बहुत छोटी रेंज के एयर डिफेंस सिस्टम, जैमर और लेजर-बेस्ड सिस्टम मिल रहे हैं. ये तुर्की और चीनी ड्रोन से निपटेंगे, जो पाकिस्तानी सेना के पास हैं. भविष्य में जोरावर लाइट टैंक और अन्य एयर डिफेंस सिस्टम सेना में शामिल होंगे. यह कदम सेना को आत्मनिर्भर बनाएगा.

**इंटरनेशनल लाल चंदन तस्करी.......**

गए। इसके बाद, 19 अक्टूबर 2016 को मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट (न्हावा शेवा) पर एक और कंटेनर की जांच हुई, जिसमें 17.060 मीट्रिक टन लाल चंदन मिला। जांच में पता चला कि लाल चंदन को स्पंज आयरन के नाम पर छिपाकर दुबई भेजा जा रहा था। जांच में यह भी पता चला कि फरवरी 2016 से अक्टूबर 2016 के बीच इस सिंडिकेट ने 13 बार 159.110 मीट्रिक टन रेड सैंडर्स (लाल चंदन) की तस्करी की। इसकी कुल कीमत करीब 63.64 करोड़ रुपए आंकी गई। परिवहन करने वालों, मजदूरों और साथ देने वालों के बयान से खुलासा हुआ कि असली सामान की जगह कंटेनरों में लाल चंदन भरा जाता था, फिर कंटेनर को दोबारा सील कर दिया जाता था। इस पूरे मामले में अब्दुल जाफर मुख्य साजिशकर्ता निकला। कस्टम विभाग, नागपुर ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी से निर्यात, तस्करी की कोशिश और कस्टम एक्ट के उल्लंघन का केस दर्ज किया है। डीआरआई से मिले इनपुट्स के आधार पर 17 मार्च 2020 को ईडी ने अब्दुल जाफर और उसके साथियों के खिलाफ ईसीआईआर दर्ज किया। पीएमएलए एक्ट के तहत हुई जांच में यह सामने आया कि अब्दुल जाफर एक पेशेवर अपराधी है और उसकी कमाई का मुख्य जरिया लाल चंदन की तस्करी रहा है। उसने और उसके साथियों ने फरवरी 2016 से अक्टूबर 2016 के बीच स्पंज आयरन के नाम पर 13 बार (कुल 159.110 मीट्रिक टन) लाल चंदन दुबई भेजा था।

ईडी की जांच में पता चला कि अब्दुल जाफर ने अपराध से कमाए पैसे से अपनी पत्नी, बच्चों, माता-पिता और करीबियों के नाम पर कई अचल संपत्तियां खरीदीं। इन संपत्तियों में चेन्नई में फ्लैट, ईडी की जांच में पता चला कि अब्दुल जाफर ने अपराध से कमाए पैसे से अपनी पत्नी, बच्चों, माता-पिता और करीबियों के नाम पर कई अचल संपत्तियां खरीदीं। इन संपत्तियों में चेन्नई में फ्लैट, कांचीपुरम और चेंगलपट्टू में जमीन, तमिलनाडु की अन्य महंगी रियल एस्टेट, कृषि भूमि और लग्जरी गाड़ियां शामिल हैं। जांच में अब्दुल जाफर ने बताया कि संपत्ति खरीदने के लिए उन्होंने ऋण लिया, आभूषण बेचे, किराएदारों से एडवांस ली और रिश्तेदारों से मदद ली, लेकिन ये सब साबित करने वाले कागजात नहीं दिखा सके। इस वजह से ईडी ने उनकी ये प्रॉपर्टी अटैच कर ली। इसके बाद 18 जुलाई को नागपुर की पीएमएलए स्पेशल कोर्ट में अब्दुल जाफर और उनकी कंपनी रू/एस.ए.एफ. इन्टरप्राइजेस के खिलाफ [illegible] कानून की धारा 44 और 45 के तहत केस दर्ज किया गया है। जांच के दौरान कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) से पता चला कि अब्दुल जाफर लगातार राजेश सुब्रमण्यम, पन्नालाल मीना, राजेंद्रन और सेंटिल से बात करते रहते थे, जो सीधे रेड सैंडर्स की तस्करी में शामिल थे। उनके मोबाइल से रेड सैंडर्स की लकड़ी की तस्वीरें और वजन के कागजात भी मिले। उनके पुराने बयान और धारा 108 के तहत दिए गए कथन भी इस बात को साबित करते हैं कि उन्होंने इस तस्करी के सिंडिकेट को चलाने, पैसे देने और निर्देश देने में अहम भूमिका

# सीसीआरटी के तत्वाधान में सेवा पर्व के तहत कार्यशाला संपन्न, खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में



कुलपति प्रो.( डॉ ) लवली शर्मा ने कार्यशाला का किया उद्घाटन, विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा उपस्थित रही

खैरागढ़ (दावा)। सांस्कृतिक संसाधन एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) भारत सरकार के द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेवा पर्व 2025 के तहत गुरुवार 25 सितंबर को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा एवं प्रभारी कुलसचिव डॉ.सौमित्र तिवारी उपस्थित रहे।

### चित्रकला विभाग के 100 छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आकृतियां बनाई

उक्त आयोजन में चित्रकला विभाग के लगभग 100 छात्र-छात्राएँ प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। जिन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न आकृतियां बनाई। दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए 'सीसीआरटी के फील्ड ऑफिसर देव नारायण रजक' ने इसकी विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके बाद उन्होंने उपस्थितजनों को स्वच्छता का शपथ दिलाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए 'मुख्य अतिथि कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा' ने कहा कि यह कार्यक्रम भारत सरकार की नेक पहल है। हमारा लक्ष्य दूरगामी है और 2047 तक हमारे देश का पताका पूरे विश्व में सबसे ऊपर लहराएगा। सेवा पखवाड़ा के तहत हमारे विश्वविद्यालय में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कला को समर्पित इस विश्वविद्यालय के विद्यार्थी इन आयोजनों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। हमारा प्रयास है, कि कला एवं संस्कृति मूल से प्रारंभ होकर आगे तक चले और हम इसके अनुयायी बनें।

विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने इस विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु अपना महल दान करने वाले राजा एवं रानी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्थानीय स्तर पर विश्वविद्यालय का प्रचार-प्रसार कर बच्चों को यहां अध्ययन करने हेतु प्रेरित करने की बात कही। साथ ही यहां अध्ययनरत विद्यार्थियों को अपनी कला के क्षेत्र में आगे बढ़कर विश्वविद्यालय सहित प्रदेश का नाम रोशन करने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थितजनों का आभार व्यक्त करते हुए प्रभारी कुलसचिव डॉ.सौमित्र तिवारी ने कहा कि सेवा का अर्थ है, निस्वार्थ भाव से परोपकार करना। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आत्मविश्वास के साथ अपनी कला का प्रदर्शन करें और आगे बढ़ें।

कार्यक्रम पश्चात कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा ने चित्रकला विभाग में आयोजित कार्यशाला का निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यशाला हेतु चयनित प्रतिभागी विद्यार्थियों ने अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन करते हुए केनवास पर विभिन्न कलाकृतियां उकेरी।

# कलेक्टर ने किया बंजर नदी उद्गम स्थल का निरीक्षण, अमृत सरोवर के रूप में विकसित करने के निर्देश



खैरागढ़ (दावा)। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने गुरुवार को केसीजी जिले के विकासखंड छुईखदान अंतर्गत ग्राम पंचायत समनापुर के आश्रित ग्राम बंजारपुर में स्थित बंजर नदी के उद्गम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उद्गम स्थल के विकास और सौंदर्यीकरण पर जोर दिया।

### अमृत सरोवर के रूप में होगा तालाब का विकास

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर चंद्रवाल ने उद्गम स्थल पर स्थित तालाब को अमृत सरोवर के स्वरूप में विकसित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को तालाब और आसपास की सफाई, सौंदर्यीकरण तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि बंजर नदी छत्तीसगढ़ से निकलकर मध्यप्रदेश के मंडला जिले में नर्मदा नदी में मिलती है और यह नर्मदा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक मानी जाती है।

### पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना न केवल पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि ग्रामवासियों के लिए स्वच्छ जल और हरित वातावरण भी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने ग्रामीणों से भी सीधा संवाद किया और शासन की योजनाओं के लाभों के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम कुमार पटेल, जनपद पंचायत के सीईओ रवि कुमार, मनरेगा परियोजना अधिकारी सिद्धार्थ, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# दीवानभेड़ी परिक्षेत्र में धर्मेंद्र अध्यक्ष व महेश बने सचिव




डोंगरगांव (दावा)। तहसील साहू संघ डोंगरगांव के अध्यक्ष हेमंत साहू के मार्गदर्शन मे परिक्षेत्रीय साहू संघ दिवानभेड़ी का निर्वाचन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु तीन दावेदार धर्मेंद्र साहू, मोहन साहू, मनोज साहू थे। धर्मेन्द्र साहू दिवानभेड़ी को सर्वाधिक मत मिलने से निर्वाचित घोषित किया गया।

इसी तरह लीलाराम साहू गिरगांव व डेरहीन साहू दीवानभेड़ी उपाध्यक्ष तथा रिखीराम साहू गोडरी, इंदु साहू मारगांव संगठन सचिव निर्वाचित हुए। निर्वाचित अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू द्वारा महेश साहू सालिक झिटिया को सचिव व नरेंद्र साहू ओडारबांध को कोषाध्यक्ष मनोनित किया। समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा निर्वाचित सभी पदाधिकारियों निर्वाचन प्रमाण प्रदान करते हुए बधाई व शुभकामनांए दी गई।

तहसील संरक्षक पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू, तहसील पदाधिकारीगण अध्यक्ष हेमंत साहू, सचिव धनराज साहू, कोषाध्यक्ष राम प्रकाश साहू, जिला उपाध्यक्ष महेश्वर साहू व मदन साहू, संगठन सचिव सुरेन्द्र साहू, पर्यवेक्षक बलीराम साहू, रामभरोसा साहू, मुख्य निर्वाचन अधिकारी नारायण साहू, कोमल साहू, नरेश गंजीर प्रमुख थे। पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू व तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने ने सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए सभी वर्गो को साथ लेकर समाज के उत्तरोत्तर विकास के लिए कार्य करने का आव्हान किया।

इस अवसर पर मूलचंद साहू, सीएल हिरवानी, अगनू राम साहू, राधेश्याम साहू, अर्जुन साहू, बिरबल साहू, मनोज साहू, नानुक राम, चुम्मन साहू, निर्भय साहू, गोपाल साहू, भुवन साहू, रूपराम साहू, दिलीप साहू, धनेश्वरी साहू, चितरेखा, सावित्रीबाई, सीता बाई, संध्या, गंगा बाई, सुहागा बाई, डोमेश्वरी, कोमल साहू, राजाराम, सुनीता साहू आदि प्रमुख सामाजिकजन थे।

# स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता रैली निकाली गई




हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वच्छता पखवाड़ा और स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत प्राचार्य आरके देवांगन के नेतृत्व में स्वच्छता रैली निकाली गई। जिसमें विद्यार्थियों ने विभिन्न नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम किया। ग्राम पंचायत भवन के सामने गांधी प्रतिमा के सामने फैले कचरे को एकत्र कर नष्ट किया गया। नागरिकों को यहां वहां कचरा न फैलाने व डस्ट बिन का उपयोग करने का आग्रह किया गया। रैली को अनुशासित करने व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, अजय पाठक, रीना बोरकर, बिन्दु पटेल, बिंदु साहू का विशेष सहयोग रहा।

# केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में सेवा पर्व का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव में 24 अक्टूबर को संस्कृति मंत्रालय द्वारा रचनात्मकता और सांस्कृतिक गौरव को बढ़ावा देने की पहल के साथ 2047 तक विकसित भारत की कल्पना से संरेखित 'विकसित भारत' थीम पर 'सेवा पर्व' का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से रचनात्मकता और नागरिक जिम्मेदारी की समझ प्रेरित होते हुए विकसित भारत के लिए अपनी दृष्टिकोण व्यक्त किए।

कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन एवं कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती प्रीती मनीष के प्रेरणादायक संबोधन से हुआ। कला शिक्षक अनिल कुमार खोब्रागढ़े के मार्गदर्शन में 115 छात्रों ने उन्होंने ,3 आकार की शीट्स और अन्य कला सामग्री का उपयोग करके 'विकसित भारत' की अपनी कल्पना को कैनवास पर जीवंत बनाया। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्रों को ऊर्जा बनाए रखने के लिए स्वल्पाहार भी वितरित किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों की रचनात्मकता और विषयगत सुसंगतता के आधार पर मूल्यांकन किया गया, जिसमें प्राथमिक वर्ग (कक्षा 3 से 5) में स्टेसी डेविड (5 'ब') माध्यमिक वर्ग (कक्षा 6 से 8) से खुशी साहू (8 'ब') एवं उच्च माध्यमिक वर्ग (कक्षा 9 से 12) के अंतर्गत देवेन्द्र सिंह (ग्यारहवी 'ब') ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार विजेताओं को सुबह की सभा में सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के समापन पर संस्था प्रमुख मनोज कुमार ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों को भारत के भविष्य के विकास के बारे में रचनात्मक रूप से सोचने के लिए प्रोत्साहित करते हुए युवा प्रतिभाओं समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सेवा को केवल पर्व तक ही सीमित न रखे, बल्कि इसे जीवन का संकल्प बनाएं।

# भोलापुर में मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती, जिपं. अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव हुई शामिल



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के भोलापुर में गुरुवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुई। श्रीमती वैष्णव ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

0 अंत्योदय के पथ पर चल रही सरकार

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी विचारधारा और मार्गदर्शन राष्ट्र को प्रगति, समरसता और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने वाला है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और विष्णु देव साय जी के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के बताए हुए एकात्म मानववाद और अंत्योदय के पथ पर चलते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की धारा पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर चमेली बाई ठाकुर, हेमलता बंजारे, नकूल नेताम, मोहित सिन्हा, टीकम पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने गैर-शैक्षिक कार्यो से हुए प्रताड़ित, सामूहिक रूप से समन्वयक पद से दिया इस्तीफा



डोंगरगांव (दावा)। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों के शैक्षिक हित को सर्वोपरि रखते हुए विकासखंड डोंगरगांव के समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने आज गैर-शैक्षिक कार्यों से असहमति जताते हुए सामूहिक रूप से अपने संकुल समन्वयक पद से मुक्त होने की घोषणा की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासन के आदेश क्रमांक 1 के तहत 26 सितंबर से 15 अक्टूबर तक गिरदावरी खसरा का भौतिक सत्यापन किया जाना है। वहीं आदेश क्रमांक 2 के अनुसार सभी संकुल शैक्षिक समन्वयकों को सप्ताह में चार दिन मूल शालाओं में अध्यापन कार्य तथा दो दिन अकादमिक सशक्तिकरण हेतु शालाओं का भ्रमण करने का निर्देश है। संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने स्पष्ट किया कि उनका पद मूलतः शैक्षिक है और उन्हें गैर-शैक्षिक कार्यों में ड्यूटी देना बच्चों के शिक्षा हित के प्रतिकूल है। इस वर्ष मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है, ऐसे में गैर-शैक्षिक कार्य करवाना इस उद्देश्य को बाधित करता है।

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा भी सभी शैक्षिक समन्वयकों को नियमित रूप से शालाओं में शैक्षिक कार्य करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके बावजूद अन्य विभागों द्वारा गैर-शैक्षिक कार्य करवाए जाने पर समन्वयकों ने इसका विरोध करते हुए अपने दायित्वों से मुक्त होने की घोषणा की। संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने कहा कि बच्चों के भविष्य और शिक्षा के हित में हमारा पूरा ध्यान केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य पर केंद्रित रहेगा। प्रशासन यदि हमें गैर-शैक्षिक कार्यों में लगाता है तो यह बच्चों के हित के विरुद्ध होगा।

गौरतलब है कि इससे पहले भी 28 अगस्त को संकुल शैक्षिक समन्वयकों की ओर से गैर-शैक्षिक कार्य नहीं लिए जाने के संबंध में एक पत्र प्रशासन को सौंपा जा चुका है। सामूहिक रूप से मुक्त होने वाले संकुल शैक्षिक समन्वयकों में शत्रुघन तिवारी संकुल खपरीकला, नेकराम साहू संकुल आरागांव, नीलमणि साहू संकुल मनेरी, दुश्यंत साहू संकुल बुदूमरदा, लच्छूराम साहू संकुल घोरामांठा, माखनलाल रात्रे संकुल अर्जुनी 1, वेदराज ठाकुर संकुल अर्जुनी 2, नूतन सिंह हिरवानी संकुल बड़गांव चारभाठा, धनसाय सलामे संकुल तुमडीबोड़, दिलेश्वर शांडिल संकुल आसरा, दानीराम वर्मा संकुल तिलईखरवार, राहुल कुमार जैन संकुल कोकपुर, दयानंद निषाद संकुल मोहड़, देवेंद्र किशोर साहू संकुल डोंगरगांव 1, डामन दास साहू संकुल डोंगरगांव 2, सौरम तिवारी संकुल बीजाभांठा, पुष्पेंद्र साहू संकुल करमतरा, मंगलदास बंजारे संकुल किरगी, प्रदीप ध्रुव संकुल तेंदूभाटा, यशवंत देवांगन संकुल टप्पा, सनन कुमार सांकेरे संकुल जंगलपुर शामिल हैं। शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और सरकार के शिक्षा गुणवत्ता पर फोकस को देखते हुए संकुल शैक्षिक समन्वयकों का यह सामूहिक कदम शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण निर्णय माना जा रहा है।

# रानी रश्मि देवी सिंह महाविद्यालय के स्वयंसेवकों ने की इतवारी बाजार की सफाई



स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत श्रमदान

खैरागढ़ (दावा)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत खैरागढ़ नगर के इतवारी बाजार में व्यापक साफ-सफाई की। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार और नगर पालिका खैरागढ़ की पहल पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महाविद्यालय के रासेयो स्वयंसेवकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। स्वयंसेवकों ने बाजार और सड़कों पर फैले कचरे और प्लास्टिक को उठाया और झाड़ू लगाकर आम लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। यह कार्यक्रम सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका खैरागढ़ के अधिकारी-कर्मचारीगण के साथ-साथ महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी यशपाल जंघेल, सहायक प्राध्यापक मोनिका जत्ती, अतिथि व्याख्याता अजय वर्मा, गौरी यदु, नितेश साहू, इंदिरा वर्मा, वर्षा वर्मा, राहुल, नेहा, ज्योति आदि उपस्थित रहे।

# दिग्विजय महाविद्यालय में वाणिज्य परिषद का गठन, नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर जोर



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय स्वशासी पीजी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में 25 सितंबर को वाणिज्य परिषद का गठन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन में एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. उके के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को प्रारंभ करते हुए सर्वप्रथम डॉ. एस.के.उके द्वारा विद्यार्थियों को वाणिज्य परिषद के महत्व से अवगत कराते हुए इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया एवं विद्यार्थियों को विभाग की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने हेतु प्रेरित किया गया तथा विभाग के कार्यों को एकजुट होकर संपादित करने को कहा गया। उन्होंने परिषद के गठन की प्रकिया से अवगत कराते हुए कहा कि वाणिज्य परिषद का गठन गुणानुक्रम के आधार पर किया जाता है।

उपरोक्त कार्यक्रम का संचालन वाणिज्य विभाग की प्राध्यापक प्रो. स्वयंसिद्धा झा के द्वारा किया गया। वाणिज्य परिषद में मनोनीत अध्यक्ष- चित्रकला (एम.कॉम. अंतिम), उपाध्यक्ष-महक जैन (एम.कॉम. प्रीवियस), सचिव-साधना वर्मा (एम.कॉम. अंतिम), सहसचिव-पटेल वृत्ति (एम.कॉम. प्रीवियस), एवं कोषाध्यक्ष-कुमारी ट्विंकल (एम.कॉम. अंतिम) को आमंत्रित कर डॉ. एस.के.उके द्वारा शपथ ग्रहण करवाई गई तथा कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में एम.कॉम. अंतिम से वैशाली यादव, अंजलि बघेल, शिशिर मिश्रा, रोशन जहांआरा, चांदनी सोनकर, शुभ्रा शर्मा, श्रुति वाघमारे, खिलेश्वरी, एम.कॉम. प्रीवियस से प्रशांत चौरे, हर्षिता देशमुख, कविता सिन्हा, कुमकुम साहू, गोयल साहू, किरण साहू एवं बी.कॉम. सातवें सेमेस्टर से बालकृष्ण कोमरे, साहिल जंघेल, अंकिता ओटी, रेशमा तारम, बरखा महोबिया, गोपेंद्र देवांगन, जितेश देवांगन, अभिज्ञान झा को शपथ ग्रहण प्रोफेसर सुमन कोचर के द्वारा कराया गया। यह परिषद विद्यार्थियों में संगठनात्मक कौशल, नेतृत्व क्षमता एवं रचनात्मकता को विकसित करने का सशक्त मंच प्रदान करती है। सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ ग्रहण के पश्चात धन्यवाद ज्ञापन वाणिज्य विभाग के प्राध्यापक प्रो. एच.सी. जैन द्वारा किया गया।

# अर्जुनी कॉलेज में भवन निर्माण हेतु राशि स्वीकृत

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम अर्जुनी में वर्ष 2023-24 से महाविद्यालय संचालित है। जिसके भवन निर्माण हेतु 4 करोड़ 65 लाख 80 हजार रुपए राशि स्वीकृत किया गया।

राशि की स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, शिक्षा मंत्री एवं राजनांदगांव जिला प्रभारी गजेंद्र यादव, सांसद संतोष पांडेय, पूर्व सांसद व महापौर राजनांदगांव मधुसूदन यादव को ग्राम पंचायत अर्जुनी सरपंच ललित साहू, उपसरपंच नागेश धनकर, पंचगण एवं जनभागीदारी शासकीय महाविद्यालय के अध्यक्ष टामेश्वर साहू, सदस्यगण भैयालाल साहू, ओंकार सोनकर, चंद्रकला सोनकर, ललिता टांडेकर, रमेश निर्मलकर, योगेश सोनकर, ओमप्रकाश जैन, दिनेश साहू, हीरेन्द्र सोनकर, फेरुराम इंदौरिया, दुर्गेश सिन्हा, गजेंद्र राजा साहू, संदीप साहू, चानूराम साहू विजय जैन के द्वारा आभार व्यक्त किया गया है।

# नेहरू महाविद्यालय द्वारा नगर में स्वच्छता रैली एवं जनजागरूकता अभियान का आयोजन




एनएसएस के 130 स्वयंसेवकों ने लिया स्वच्छता सेवा पखवाड़ा में सक्रिय भाग

डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डोंगरगढ़ में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई. वी. रेवती के मार्गदर्शन में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत नगर स्तर पर स्वच्छता रैली एवं सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के 130 स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत रेलवे चौक से महावीर तालाब तक स्वच्छता रैली एवं सफाई अभियान से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने झाड़ू लगाकर, नारे लगाकर एवं पम्पलेट वितरण के माध्यम से नगरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने अपने घर, कॉलेज व समाज में स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस आयोजन का नेतृत्व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एच. आर. पदमे एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल सफाई तक सीमित न होकर, सामाजिक चेतना व नागरिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करना था। इस अभियान में भूतपूर्व एनएसएस स्वयंसेवकों की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।

# तेज रफ्तार मालवाहक व बाईक सवार में जबरदस्त टक्कर, दो की मौत

## डोंगरगढ़ पदयात्री मार्ग में मुंदगांव के पास हुई उक्त घटना, मालवाहक चालक फरार



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व में मां बम्लेश्वरी के पदयात्रियों वाले मार्ग खून से लाल होते जा रहा है। पिछले दिनों मनकी के पास नेशनल हाईवे में भिलाई की एक युवती को तेज रफ्तार थार चालक ने कुचल दिया। इसी तरह पदयात्री वाले मार्ग में शहर का एक व्यक्ति अपनी खेती किसानी देखकर अपनी बाइक से लौट रहा था। वह लिटिया के पास सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।

शनिवार 27 सितंबर की सुबह करीब 10 बजे मुंदगांव के पास भयंकर दुर्घटना हो गई। इसमें टाटा योद्धा पिकअप मालवाहक और मोटर साइकिल सवारों के साथ आपस में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस घटना में मौके पर 2 लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इस लोमहर्षक दुर्घटना के बाद सड़क में देर तक लाश पड़ी रही। जिस पर लोगों ने कपड़ा उढ़ाया। बताया जाता है कि मृतक अमीत साहनी निवासी कृष्णा नगर भिलाई अपने कुरुद निवासी सचिन यादव सहित अन्य दोस्तों के साथ मोटर साइकिल में मां बमलेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ़ आए थे और दर्शन कर घर आने के लिए बाईक से दोस्तों के साथ वापस लौट रहे थे। इस दौरान डोंगरगढ़ रोड में ग्राम मुंदगांव के पास तेज रफ्तार से आ रही टाटा योद्धा वाहन के साथ टकरा गए। दुर्घटना इतनी खतरनाक थी कि मौके पर ही दोनो युवकों की मौत हो। इस घटना में टाटा योद्धा माल वाहक आगे जाकर सड़क किनारे पलट गई। वहीं बाइक सवार युवक बाइक में ही लटके हुए मौत के शिकार हो गए। उक्त घटना में लाश के चिथड़े उड़ गए थे। जिसे देख पाना विचलित कर देने वाला था। घटना के बाद चालक घटना स्थल से फरार है। प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही है।

# फरहद चौंक में तेज रफ्तार ट्रक ने व्यक्ति को लिया चपेट में, दर्दनाक मौत

राजनांदगांव (दावा)। वर्तमान समय में सड़क हादसों में कमी नहीं आ रही है, नवरात्रि से लेकर अब तक हुई सड़क हादसे में एक व्यक्ति सहित 3 अन्य लोगों की गई जान के बाद शहर के बसंतपुर के आगे फरहद चौक में हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति तेज रफ्तार ट्रक के चपेट में आ गया। जिसमें उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि 26 सितंबर की सुबह हुई उक्त घटना में एक तेज रफ्तार ट्रक चालक ने पैदल चल रहे राहगीर को अपनी चपेट में ले लिया।

बताया जाता है कि सिंघोला निवासी उक्त व्यक्ति मानसिक रूप से अस्वस्थ था। गुरुवार की रात वह गांव से निकला था। शुक्रवार की सुबह वह उक्त तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गया। लालबाग पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वह व्यक्ति देवी दर्शन करने जाने वाला व्यक्ति था या फिर सामान्य राहगीर, इसे लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। बताया जाता है कि फरहद चौंक में प्रायः अंधेरा बना रहता है, जिसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके पहले भी फरहद चौंक में घटनाएं घट चुकी है इसके बावजूद बिजली वालों की आंखें नहीं खुलीं है। अंधेरे में न जाने किस ट्रक ने बेचारे को कुचल कर फरार हो गया, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ा सायकल चोर, गिरफ्तार कर भेजा जेल



आरोपी से चोरी की 4 सायकल बरामद

## आरोपी से चोरी की 4 सायकिलें जब्त

राजनांदगांव(दावा)। कोतवाली पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में सायकिलों की चोरी करने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से अन्य जगहों से चोरी किये 4 सायकिलें जब्त की है।

कोतवाली थाना प्रभारी नंदकुमार गौतम ने बताया कि 26 सितंबर को प्रार्थी मीनाल साहू पिता दुष्यंत कुमार साहू उम्र 17 वर्ष निवासी प्रिंसेस कॉलोनी क्वार्टर नं. 21 ममता नगर वार्ड नं. 18 ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी अल्फा कंपनी की बाम्बे मॉडल गेयर वाली सायकल कीमत 10 हजार रूपये जिसे इसका छोटा भाई चलाता है। उसे रोजाना की तरह अपने घर के सामने खड़ी किया था, लॉक नहीं किया था। 24 सितंबर को करीब 11:48 बजे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। इस रिपोर्ट अज्ञात आरोपी के खिलॉफ अप.क्र. 574/25 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। जिस पर उनके दिशा निर्देश व मार्गदर्शन में तत्काल थाने से पुलिस स्टॉफ रवाना कर घटना स्थल में लगे सीसीटीव्ही कैमरा के फुटेज को चेक कराया गया। तत्पश्चात फुटेज में मिले क्लु के आधार पर संदेही को मुखबीर के सूचना पर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता चुरेन्द्र टेमरे उर्फ सोनू पिता स्व. लेखूराम टेमरे उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम शिकारीमहका थाना छुरिया। हाल मुकाम रिसाली सेक्टर भिलाई जिला दुर्ग बताया।

पूछताछ पर प्रार्थी के सायकल सहित अन्य स्थानों से 03 सायकलों को चोरी करना स्वीकार किया, जिसके कब्जे 04 नग सायकल जुमला किमती 25,000 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। अपराध सबूत पाये जाने से शनिवार 27 सितंबर को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक गौतम सहित सउनि. उदय सिंह चंदेल, प्र.आर. अरूण कौमार्य, आरक्षक राम खिलावन सिन्हा, रामनारायण चंदेल, प्रयंश सिंह, रंजित चौरसिया एवं थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# राजेश श्यामकर के पहल से घुमका क्षेत्र की सड़कें अब चमकेगी



पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने क्षेत्र को दी करोड़ों की सौगात

राजनांदगांव (दावा)। घुमका क्षेत्र के बोटेपार, खजरी, बहेराभाटा, मालडबरी, गोपालपुर से घुमका की सड़के धूल खा रही थी। जो अब पूर्व जिला पंचायत सदस्य व डोंगरगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय नेता राजेश श्यामकर के अथक प्रयास व मेहनत से यह सड़के सज-संवरकर चमकने वाला है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मिलकर इन सड़क बोटेपार से खजरी मार्ग लंबाई 2.60 किमी नया डामरीकरण पुल पुलिया सहित ग्राम बहेराभाटा से मालडबरी का निर्माण पुल पुलिया सहित 2.60 किमी गोपालपुर से घुमका मार्ग 3.90 किमी का चौड़ीकरण एवं मजबूती करण कार्य जिनकी प्रसासकीय स्वीकृति दिलाई। पर वर्तमान तिथि तक उक्त कार्य का निविदा प्रक्रिया अभी भी लंबित है।

राजेश श्यामकर ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को बताया कि यह जिले के प्रमुख मार्गो मे से है। इस मार्ग की निर्माण करने ग्रामवासियो द्वारा बहुत लंबे समय से की जा रही है। इससे आसपास के कई गांव प्रभावित है। वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर ने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से मांग करते हुए कहा की वित्त मंत्री ओपी चौधरी से कहकर जल्द हीं निविदा प्रक्रिया पूरा कर कार्य प्रारंभ करने निवेदन किया। जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने जल्द हीं कार्य प्रारंभ हो जाने आश्वासन दिया। कवार नवरात्र पर वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश श्यामकर के प्रयास से क्षेत्रवासियों को करोड़ों रूपये की सौगात मिली है। जिससे क्षेत्र मे काफी हर्ष है।

# पूरक परीक्षा की तिथियां बढ़ी

## अभाविप ने जताया आभार

राजनांदगांव (दावा)। हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग ने पूर्व में जारी अपनी अधिसूचना क्रमांक 324 दिनांक 18 सितंबर के माध्यम से आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा तिथि (सत्र 2024-25) की समय-सारणी में आयोजित होने वाली पूरक परीक्षाओं की तिथियों में संशोधन किया है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर-मंत्री अक्षत कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्रतीक गढ़ेवाल-सहमंत्री, युक्ता मंडावी, वेनुका, प्रज्ञा मेश्राम, वंदना साहू, संजना साहू आदि विद्यार्थियों ने श्री मांशारदेय नवरात्रि महापर्व के विशेष अवसर पर विद्यार्थियों के द्वारा सनातनी आस्था व श्रद्धापूर्वक रखें जाने वाले व्रत तथा उपवास व परीक्षा का दबाव की स्थिति में होने वाली इस परीक्षा की तिथि को आगे बढ़ाए जाने हेतु एक ज्ञापन सौंपते हुए मांग की थी। बीएससी भाग- 3, 1/2, गृह विज्ञान भाग- 1/2, बीसीए भाग-1/2/3, बीएससी-बीएड भाग- 3, बीएससी-बीएड 1/2/4, बीकाम भाग-3, बीए भाग- 1/2, डीएड-बीएड भाग- 1/2 की उक्त पूरक परीक्षाएं अब 30 सितंबर व 1 अक्टूबर के स्थान पर संशोधित तिथि 9,10, 11, 13 व 24 अक्टूबर को आयोजित होगी।

# संस्कारधानी गरबा उत्सव का जलवा बरकरार, शिवनाथ वाटिका में उमड़ी गरबा प्रेमियों की भीड़

## पांचवें दिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। नवरात्रि पर्व पर शिवनाथ वाटिका में आयोजित संस्कारधानी गरबा उत्सव सीजन-9 के पांचवें दिन शुक्रवार को गरबा की धूम रही। पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। निर्णायक की भूमिका अनुराधा पोद्दार और सोना अग्रवाल ने निभाई।

विजेताओं में बेस्ट गरबा मेल का खिताब आरूष तिवारी को और बेस्ट गरबा फीमेल का खिताब सिमरत टोटवानी को मिला। बेस्ट ड्रेसअप मेल रोशन सेन और बेस्ट ड्रेसअप फीमेल आरती राजपूत रहीं। बच्चों की श्रेणी में बेस्ट गरबा किड कृति टोटवानी बनी, जबकि बेस्ट गरबा कपल का पुरस्कार संदीप कनक साहेबान को दिया गया। इस दौरान अवंत अग्रवाल ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य युवाओं में परंपरा और संस्कृति के प्रति उत्साह बढ़ाना है। इसी तरह गरबा राजकुमार का खिताब अमन रायजादा और गरबा राजकुमारी गुंजन अवचट बनी। परवती गरबा स्टार मेल अभिषेक राजेंद्र जैन और परवती गरबा स्टार फीमेल भावना राठी रहीं। शाइन फेस ऑफ द डे का पुरस्कार राहुल शर्मा और हर्षा तजवानी को मिला। वही एसकेआर डेंटल स्माइल ऑफ द डे का खिताब पूजा अग्रवाल को प्रदान किया गया। साथ ही प्रगती शुक्ला, भावेश रूचंदानी, निधी सोनी, वेनू कन्नौजे, कविता नेताम, भूमिका सिन्हा, एवा अग्रवाल, श्रीतीजा वर्मा को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर राहुल चोपड़ा ने बताया कि प्रतिभागियों के उत्साह और गरबा के प्रति लगाव से ही यह आयोजन हर वर्ष और भव्य बनता जा रहा है। विजेताओं के नाम घोषित होते ही पूरे पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी।

# पद्मश्री फूलबासन यादव को राजनांदगांव रत्न सम्मान



० नारी शक्ति जागृति हेतु बागेश्वर धाम में होगा सम्मान
० 9 वर्षों से विभिन्न क्षेत्रों में समाजसेवा कर रही हैं फूलबासन यादव, नवमीं तिथि को होगा आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। नारी शक्ति का महापर्व नवरात्र चल रहा है। जिसमें हमारी अराध्य देवी माता नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की अराधना की जाती है। नारी शक्ति को अग्रसर होने की भी प्रेरणा का पर्व भी नवरात्र है। विदित है कि श्री बागेश्वर धाम मंदिर मे प्रति नवरात्र मॉ बम्लेश्वरी तीर्थ जाने वाले पदयात्रियों के विश्राम, स्नान फराहरी, स्वल्पाहार, भोजन प्रसादी हेतु संयुक्त सेवा पंडाल लगाया जाता है। साथ-साथ ही राजनांदगांव रत्न का सम्मान, संस्कारधानी का नाम के विभिन्न क्षेत्रों में रोशन करने व सामाजिक, धार्मिक, सेवा क्षेत्रों में जनजागरण कार्यों हेतु प्रदान किया जाता है। पूर्व में 93 वर्षीय समाजसेवी में डीसी जैन, धर्म क्षेत्र में पं विनोद गोस्वामी, सेवा क्षेत्र में अशोक लोहिया को प्रदान दिया जा चुका है।

इस वर्ष राजनांदगांव रत्न सेवा आयोजन अध्यक्ष भावेश अग्रवाल, पंकज गुप्ता, कोषाध्यक्ष सूरज गुप्ता, सचिव महेश शर्मा, महिला मण्डल मधु खंडेलवाल, प्रज्ञा गुप्ता, मोना गोसाई सहित समस्त सदस्यगण सेवा कार्यकारिणी द्वारा सर्वसम्मति से नारी शक्ति को देने का निर्णय लेकर विगत 25 वर्षो से नारी शक्ति को जागृत करने वाली, महिला समूह की जनक, नारी जागरण, नशा मुक्ति स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य आदि नारी उत्थान, समाज सेवा का कार्य कर रही पदमश्री श्रीमती फूलबासन यादव को प्रदान किया जायेगा।

श्रीमती फूलबासन यादव को नवरात्रि नवमीं तिथि 1 अक्टूबर बुधवार को संध्या 6 बजे श्री बागेश्वर धाम मंदिर उत्सव भवन में राजनांदगांव रत्न के सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाएगा तथा साथ ही संस्कारधानी की अन्य 9 विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जावेगा। श्री बागेश्वर धामसेवक आयोजन संरक्षक डीसी जैन, सोहनलाल गुप्ता, कैलाशचंद गुप्ता, रामवतार जोशी, हरजीत भाटिया, शैलेन्द्र तिवारी अमलेन्दु हाजरा ने संस्कारधानी के समस्त धर्मप्रेमियों विशेषकर नारीशक्ति को इस सम्मान आयोजन में अपनी उपस्थिति देने का आग्रह किया है। सम्मान पश्चात् महाप्रसादी का भी आयोजन संध्या में किया जावेगा। उक्त जानकारी श्री बागेश्वर धाम सेवक अजय गुप्ता द्वारा दी गई।

# सनसिटी में राजस्थानी थीम पर हुआ गरबा



राजनांदगांव (दावा)। शहर की प्रतिष्ठित सोसाइटी महावीर सनसिटी में शारदीय नवरात्रि पर्व के अवसर पर सोसायटी के अध्यक्ष आनंद चोपड़ा के नेतृत्व में 25 सितंबर को गरबे के प्रथम दिन राजस्थानी थीम रखी गई थी। जिसमें महिलाओं के लिए 16 श्रृंगार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 28 महिलाएं 16 श्रृंगार करके आयी, सभी को नवीन ज्वेलर्स की तरफ़ से सम्मानित किया गया। फिर सनसिटी की महिलाओं ने स्पेशल रास गरबे का प्रदर्शन किया। जिसकी सभी ने जमकर तारीफ़ की। स्पेशल रास गरबा पिंकी माहेश्वरी वह रितिका तिवारी के निर्देशन में मोनाली चोपड़ा अंजलि चोपड़ा विभा गुप्ता शिखा सारडा योगिता डागा तोशिका बगानी पूजा खाती सरिता संचेती ने ग्रुप डांस कर खूब वाहवाही लूटी। पूरे कार्यक्रम का संचालन दीप्ति बिंदल ने किया। 10 सहयोगी परिवार को अजंता स्टोर की तरफ से उपहार दिया गया। इस महोत्सव के लिए पीएनबी बैंक का स्पेशल सहयोग मिल रहा है।

# दो दिन से लापता युवक का नहीं मिला कोई सुराग, नदी में बहने की आशंका



डोंगरगांव (दावा)। समीपस्थ ग्राम रतनभाट का एक युवक शुक्रवार से लापता है। जिसकी पता तलाश की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार के करीब 12 बजे दोपहर में भरतलाल भुआर्य पिता स्व. ललतू भुआर्य 37 वर्ष निवासी रतनभाट रोज की तरह अपने खेत गया था। वहां से नहाने नदी मोती नाला में गया था, जो उसके खेत के पास ही है। जिसके बाद से वह घर नहीं पहुंचा। परिजनों ने भरत के घर वापस नहीं आने पर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी। जिसके बाद ग्रामीणों और परिजनों ने नदी के आसपास सहित अन्य क्षेत्र में पता तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान नदी के किनारे चप्पल और कपड़ा मिला। जिसके बाद इसकी सूचना डोंगरगांव थाने में दी गई।

गांव के उपसरपंच दिग्विजय मिश्रा ने बताया कि आशंका के तहत पुलिस को इसकी जानकारी दी गई और उनके द्वारा तलाश किया जा रहा है। पानी तेज होने के चलते बह जाने की आशंका जताया जा रहा है। मौके पर आपदा प्रबंधन की टीम भी मौजूद है। जिनके द्वारा खोजबीन किया गया। समाचार लिखे जाने तक गुम युवक की जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं डोंगरगांव थाना प्रभारी कृष्णालाल पाटले ने क्षेत्रवासियों को समझाईश देते हुए कहा है कि भारी बारिश के कारण ग्रामीण नदी और नदी के आसपास आना-जाना न करें।




## सूचना

प्राइवेट सुरक्षा एजेन्सी के द्वारा केन्द्रीय विद्यालय राजनांदगांव के लिए 3 तीन महिलाओं की आवश्यकता है।

देखभालकर्ता या सहायक के लिए योग्यता- एनसीई आरटी/एनसीपीसी द्वारा निर्धारित अनुसार होगी। किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से माध्यमिक (कक्षा 10वीं या इसके समकक्ष) न्यूनतम 18 वर्ष की आयु और या कोई प्रीस्कूल शिक्षा में प्रारंभिक प्रशिक्षण प्राप्त या कोई भी व्यक्ति जिसके पास एनआईपीसीसीडी, एनएसडीसी या केन्द्र सरकार/उपयुक्त सरकार / मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य संस्थान द्वारा निर्धारित कौशल प्रशिक्षण पर्याप्त प्रशिक्षण हो।

संपर्क करें - 8839000562

## भूखंड बेचना है

खसरा नंबर 114/118 का 5000 स्क्वेयर फीट का डायवर्सन किया हुआ भूखंड, पुराना ढाबा रोड शांतिनगर गली क्रमांक -3 राजनांदगाव में MD ग्रुप धुमाल के सामने (गूगल मैप लोकेशन पर) बेचना है।

अधिक जानकारी इस मोबाईल नंबर पर 9977073256 सम्पर्क करें।

नोट :- अलग-अलग साईज में भी भूखंड दिये जा सकते है।

## नवरात्रि के शुभ अवसर पर विशेष छूट नारी सुहाग में विश्वास का प्रतीक

थोक व चिल्हर विक्रेता
(Less Then MRP)

चांदनी सुहाग भण्डार एवं जनरल स्टोर्स
गुड़ाखू लाईन राजनांदगांव (छग)
मो. - 9302435886,9827951560

## शिव बोरवेल्स एण्ड पंप्स

नंदई चौक, राजनांदगांव
98271-56852
94241-15737
(हेमंत साहू)
सभी प्रकार के सबमर्सिबल पंप के विक्रेता...

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com